रोहतक

बुधवार 1 जुलाई 2026

आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 30, अंक : 147

पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम

अधि. 42.9

न्यून. 25.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




डॉक्टर्स-डे आज

## खबर संक्षेप

### सुकन्या, पीपीएफ पर ब्याज दरों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** सरकार ने सितंबर तिमाही में छोटी बचत योजनाओं जैसे सुकन्या समृद्धि, पीपीएफ और एनएससी पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। लगातार 9वीं तिमाही में दरें वैसी ही रखी गई हैं। सुकन्या योजना पर 8.2 फीसदी ब्याज मिलता रहेगा। वहीं, पीपीएफ पर 7.1 प्रतिशत, पोस्ट ऑफिस सेविंग डिपोजिट पर 7.1 और किसान विकास पत्र पर 7.5 फीसदी ब्याज मिलता रहेगा। *एजेंसी*

### स्नान के दौरान सेल्फी लेने के फेर में 5 महिलाएं डूबीं



**अयोध्या।** नदी में स्नान के दौरान सेल्फी लेने के चक्कर में 5 महिलाएं डूब गईं। घटना मंगलवार को सनहा गांव की है। इनमें से 3 हिलाओं का शव नदी से निकाला गया, जबकि 2 अभी-भी लापता हैं। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया है। सनाहा निवासी मरियम, शाहीन, रशिदा, सजरूल एवं नाजिया मंगलवार को नदी में स्नान करने गई थीं, तभी एक-एक करपांचों गहरे पानी में डूबने लगीं। एक दूसरे को बचाने के प्रयास में पांचों नदी में समा गईं। *एजेंसी*

### ठाकरे के विधायक शिंदे की शिवसेना में शामिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानमंडल के मानसून सत्र के दौरान उद्धव गुट के विधायक सचिन अहीरने शिंदे की



शिवसेना में शामिल हुए। उन्होंने शिंदे गुट की ओर से विधान परिषद के उपसभापति पद के लिए नामांकन भरा। सचिन अहीर का नेतृत्व मजदूर आंदोलन से उभरा है। वह पहली बार 1999 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के टिकट पर शिवड़ी विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। *एजेंसी*

### सीबीडीटी के चेयरमैन का बढ़ाया कार्यकाल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के



चेयरमैन रवि अग्रवाल का कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने उनकी पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दी। रवि अग्रवाल अब अनुबंध के आधार पर 1 जुलाई 2026 से 31 दिसंबर 2026 तक इस पद पर बने रहेंगे। उनकी यह नियुक्ति सरकारी नियमों के तहत आवश्यक छूट प्रदान करते हुए की गई है। *एजेंसी*

## आईडीएफसी बैंक घोटाला सीबीआई ने लोकेशन ट्रेस कर उठाया

*आठ अप्रैल को सरकार ने किया था सस्पेंड, लगाई थी जमानत याचिका*

# सेवानिवृत्ति के दिन ही आईएएस अफसर प्रदीप डागर गिरफ्तार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

बहुचर्चित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक फंड घोटाले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आईएएस अधिकारी प्रदीप कुमार डागर को रिटायर होते ही गिरफ्तार कर लिया। वे हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में सदस्य सचिव थे। सीबीआई ने उन पर सरकारी धन के गबन में सीधे तौर पर संलिप्त होने का आरोप लगाया है। सरकार ने उन्हें 8 अप्रैल 2026 को ही सस्पेंड कर दिया था। सीबीआई के मुताबिक प्रदीप लंबे समय से जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे। इसके अलावा जांच एजेंसी से बचने की कोशिश कर रहे थे। गिरफ्तारी के डर से प्रदीप डागर भूमिगत चल रहे थे। उनकी लोकेशन ट्रेस करने के बाद एजेंसी ने उन्हें गिरफ्तार किया। उन्होंने अग्रिम जमानत याचिका भी लगाई थी, जिस पर 2 जुलाई को सुनवाई होनी है। बता दें कि अब तक इस मामले में प्रदीप डागर को मिलाकर तीन आईएएस गिरफ्तार हो चुके हैं। इससे पहले आईएएस आरके सिंह और पंकज अग्रवाल की गिरफ्तारी हुई थी।

### अब तक तीन अधिकारी पहुंचे जेल

#### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के खातों में 169 करोड़ की गड़बड़ी

सीबीआई जांच के दौरान हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के बैंक खातों में 169 करोड़ रुपये की गड़बड़ी सामने आई। इस मामले में पुलिस ने एक डाटा एंट्री ऑपरेटर को गिरफ्तार किया था, जिसने बताया कि एक आईएएस अफसर के कहने पर यह पैसा चंडीगढ़ सेक्टर-32 स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शाखा में ट्रांसफर हुआ। प्रमोटी आईएएस अधिकारी प्रदीप डागर अगस्त 2022 से दिसंबर 2025 तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मेंबर सचिव रहे हैं।



#### पैसा शेल कंपनियों में ट्रांसफर

इस पूरे बैंक घोटाले में किसी एक विभाग से जुड़ी सबसे बड़ी हेराफेरी माना जा रहा है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि यह मामला हरियाणा सरकार के अनुरोध पर स्टेट विजिलेंस एवं एंटी करप्शन ब्यूरो से सीबीआई को सौंपा गया था। यह घोटाला आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, सेक्टर-32 शाखा से जुड़े उस बड़े बैंकिंग फ्रॉड का हिस्सा है, जिसमें हरियाणा सरकार के आठ विभागों के करीब 504 करोड़ रुपये फर्जी एफडी और शेल कंपनियों के जरिए कथित तौर पर निकाल लिए गए।

#### लंबे समय से जांच एजेंसी की पहुंच से थे बाहर

सीबीआई ने प्रदीप डागर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17-ए के तहत जांच की मंजूरी ली है। जांच के दौरान कई अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ की जा चुकी है। सूत्रों के अनुसार प्रदीप डागर को भी जांच में शामिल होने के लिए कहा गया था, लेकिन वे लंबे समय से जांच एजेंसी की पहुंच से बाहर बताए जा रहे हैं। इसी बीच उन्होंने गिरफ्तारी से राहत पाने के लिए अग्रिम जमानत का सहारा लिया है, जिस पर पंचकूला जिला अदालत में दो जुलाई को सुनवाई होनी है।

#### 661 करोड़ घोटाले में दो बैंक कर्मचारी गिरफ्तार

661 करोड़ के आईडीएफसी-एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक फ्रॉड मामले में सीबीआई ने सोमवार देर रात कार्रवाई करते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को मंगलवार को जिला अदालत पंचकूला में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित शर्मा की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन के सीबीआई रिमांड पर भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपितों में चरणजीत सिंह रंधावा, जो आईडीएफसी बैंक में कैशियर के पद पर कार्यरत है, तथा मोहम्मद शमीम, जो एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में डाटा एंट्री क्लर्क है, शामिल हैं। सीबीआई ने दोनों आरोपियों को देर रात हिरासत में लेने के बाद पूछताछ की और फिर अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर ले लिया।

## जनरल धीरज सेठ भारत के 31वें आर्मी चीफ बने

**दिसंबर 1986 में आर्मर्ड कोर में मिला था कमीशन**

**लगभग चार दशकों का शानदार सैन्य करियर**

**नई दिल्ली।** जनरल धीरज कुमार सेठ ने मंगलवार को भारतीय सेना के 31वें सेना प्रमुख की कमान संभाल ली। उन्होंने जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह ली है, जो मंगलवार को सेवा से रिटायर हुए। जनरल सेठ नेशनल डिफेंस एकेडमी, खड़कवासला के पूर्व छात्र रहे हैं। दिसंबर 1986 में उन्हें आर्मर्ड कोर में कमीशन मिला था।



रक्षा मंत्रालय के अनुसार, लगभग चार दशकों के अपने शानदार सैन्य करियर के दौरान, उन्हें ऑपरेशनल, रणनीतिक, क्षमता विकास और संस्थागत क्षेत्रों में अनुभव मिला है। उन्होंने भारतीय सेना की युद्ध क्षमता और लंबे समय के बदलाव में अहम योगदान दिया है।

### सुदर्शन चक्र कोर की संभाल चुके कमान

लेफ्टिनेंट जनरल सेठ ने रेगिस्तानी इलाके में एक बख्तरबंद रेजिमेंट और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी बल की कमान संभाली है। लेफ्टिनेंट जनरल के पद पर पदोन्नत होने के बाद, लेफ्टिनेंट जनरल सेठ ने सुदर्शन चक्र कोर की कमान संभाली और बाद में दिल्ली के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) के रूप में कार्य किया। सेना कमांडर के रूप में, लेफ्टिनेंट जनरल सेठ ने दक्षिण पश्चिमी कमान और दक्षिणी कमान दोनों की कमान संभाली है, इस तरह वे भारतीय सेना के उन गिने-चुने अधिकारियों में से एक बन गए हैं जिन्होंने पश्चिमी मोर्चे पर दो परिचालन सेना कमानों की कमान संभाली है।



# प्रदेश के दरवाजे पर पहुंचा मानसून

## 48 घंटों में एंट्री, यमुनानगर-अंबाला में बारिश, 14 जिलों में अलर्ट

**हरियाणा (हरिभूमि टीम )।** मानसून प्रदेश के दरवाजे पर पहुंच गया है। अगले 48 घंटों में इसकी प्रदेश में एंट्री हो सकती है। मंगलवार दोपहर मानसून देहरादून और हिमाचल के मंडी तक पहुंच गया। प्रदेश के अंबाला और यमुनानगर में मंगलवार को बारिश हुई। पंचकूला में भी दोपहर बाद बादल छाए रहे। बंगाल की खाड़ी से आ रही मानसूनी हवाएं सबसे पहले यमुनानगर, अंबाला और पंचकूला के रास्ते हरियाणा में प्रवेश करेंगी। इसके बाद करनाल, कुरुक्षेत्र और पानीपत होते हुए दिल्ली-एनसीआर और दक्षिणी हरियाणा (गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल) को कवर करेगा। मौसम विभाग ने अगले 48 के भीतर हरियाणा के अधिकतर इलाकों में मानसूनी बारिश की संभावना जताई है।

### आज 15 जिलों में बारिश संभव

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के 15 जिलों में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। इनमें सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, मेवात, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल और यमुनानगर शामिल हैं। जबकि अंबाला, पंचकूला और चंडीगढ़ क्षेत्र में भी हल्की बारिश के संकेत हैं।

### रात में भी राहत नहीं

प्रदेश में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 3.6 डिग्री अधिक दर्ज किया गया है। फरीदाबाद में 32 डिग्री, सबसे कम तापमान रहा। सिरसा में रात का तापमान 31 डिग्री रहा, जबकि अंबाला में 30.8 डिग्री दर्ज किया गया। अधिकांश जिलों में रात का तापमान 28 से 31 डिग्री के बीच रहा।

### तेज गर्मी से मिलेगी राहत

हरियाणा में अधिकतम तापमान सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक चल रहा है। मंगलवार को 42.9 डिग्री के साथ हिसार सबसे गर्म रहा। रोहतक में अधिकतम तापमान 42.7 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा सिरसा में 41.6 डिग्री तापमान रहा। लगातार चल रही गर्मी से लोगों का बुरा हाल है।

### उत्तर भारत में एक से 4 जुलाई तक बारिश संभव

**नई दिल्ली।** मानसून ने मंगलवार दोपहर जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल, उत्तराखंड और उत्तरप्रदेश में एंट्री कर ली है। देश में अब तक 26 राज्यों को कवर कर लिया है। उधर, दिल्ली और उत्तर भारत के लिए राहत की खबर आ रही है। सैटेलाइट तस्वीरों में करीब 1,500 किमी लंबी मानसून ट्रफ (कम दबाव की लंबी पट्टी) बनती हुई दिखाई दी है। यह उत्तरी बंगाल की खाड़ी से लेकर जम्मू-कश्मीर तक फैली हुई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, मानसून ट्रफ बन चुकी है, लेकिन फिलहाल यह हिमालय की तलहटी (फुटहिल्स) के करीब स्थित है। यह ट्रफ धीरे-धीरे दक्षिण की ओर अपनी सामान्य स्थिति में पहुंचेगी, उत्तर भारत में बिहार, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर 1 से 4 जुलाई के बीच भारी बारिश हो सकती है।

बंगाल की खाड़ी से कश्मीर तक बना 1500 किमी लंबा मानसूनी सिस्टम

*नया फीचर लॉन्च करने का ऐलान*

## अब यूजरनेम से भी कर सकेंगे व्हाट्सएप पर चैट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अब तक व्हाट्सएप पर किसी नए व्यक्ति से बात करने के लिए मोबाइल नंबर देना जरूरी होता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप ने यूजरनेम फीचर लॉन्च करने का ऐलान किया है। इसके बाद लोग अपना मोबाइल नंबर बताए बिना भी सिर्फ यूजरनेम के जरिए चैट कर सकेंगे।

बिना मोबाइल नंबर बताए बातचीत भी कर सकेंगे

कंपनी ने 29 जून से दुनियाभर में यूजरनेम की बुकिंग शुरू कर दी है। हालांकि यह सुविधा सभी यूजर्स को एक साथ नहीं मिलेगी। आने वाले कुछ महीनों में इसे धीरे-धीरे सभी देशों में रोल आउट किया जाएगा। जब यह फीचर यूजर के इलाके में उपलब्ध होगा, तब उसके व्हाट्सएप के अंदर नोटिफिकेशन मिलेगा। दुनियाभर में करोड़ों यूजर्स एक जैसे या मिलते-जुलते यूजरनेम चुन सकते हैं। ऐसे में जो लोग पहले अपना यूजरनेम रिजर्व करेंगे, उन्हें अपनी पसंद का यूजरनेम मिलने की संभावना ज्यादा होगी।

*अगले साल पता चलेगा असर*

## पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिलाना एक प्रयोग : केंद्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कर्नाटक हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) को विन्प डिस्टिलरीज एंड शुगर प्राइवेट लिमिटेड से एथेनॉल खरीद बढ़ाने पर विचार करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश बीपीसीएल की याचिका पर दिया। कोर्ट ने कहा कि सरकार की मौजूदा पॉलिसी में कोई बदलाव नहीं होगा। बीपीसीएल ने कहा कि हाईकोर्ट का आदेश पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिश्रण की राष्ट्रीय नीति को प्रभावित कर सकता है। इस दौरान केंद्र सरकार ने बताया कि पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिलाने का प्रोग्राम अभी भी एक्सपेरिमेंट है। इसका पूरा असर अगले साल तक पता चलेगा।

- सुप्रीम कोर्ट का मौजूदा सप्लाई पॉलिसी जारी रखने का आदेश

### क्या है एथेनॉल सप्लाई विवाद

एथेनॉल सप्लाई का यह विवाद कर्नाटक की विन्प डिस्टिलरीज एंड शुगर प्राइवेट लिमिटेड की याचिका से जुड़ा है। विन्प ने कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका लगाते हुए दलील दी थी कि उसका एथेनॉल बनाने का प्लांट है। इसकी सलाना उत्पादन क्षमता करीब 9.90 करोड़ लीटर है, लेकिन उसे केवल 3.92 करोड़ लीटर का आवंटन किया गया है। सरकार ने कहा था कि किसी कंपनी को पहले ज्यादा आवंटन मिला तो इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि कंपनी को हर बार उतनी ही मात्रा में आवंटन मिलेगा। हाईकोर्ट ने बीपीसीएल को खरीद कोटा बढ़ाने पर विचार करने को कहा। इस आदेश के खिलाफ बीपीसीएल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी।



कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाई

## अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से ट्रंप को झटका, जन्म के आधार पर ही बरकरार रहेगी नागरिकता



पैदा होने वाले सभी लोगों को नागरिकता का अधिकार

कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से सुनाया फैसला

ट्रंप बोले, बिल संसद में पास करवाऊंगा

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका की नागरिकता को लेकर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने जन्म के आधार पर नागरिकता के सिद्धांत को बरकरार रखा है, जिससे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नागरिकता के सिद्धांत को बदलने की कोशिशों पर पानी फिर गया है। डोनाल्ड ट्रंप जन्म के समय अमेरिकी नागरिक माने जाने के नियमों को बदलना चाहते थे, लेकिन अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से अमेरिकी राष्ट्रपति को झटका लगा है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ट्रंप के उस एग्जीक्यूटिव ऑर्डर को खारिज कर दिया, जिसमें उन बच्चों को नागरिकता देने से इनकार करने की बात कही गई थी जो अमेरिका में ऐसे माता-पिता से पैदा हुए हैं जो देश में गैर-कानूनी तरीके से या अस्थायी तौर पर रह रहे हैं। कोर्ट ने कार्यकाल के आखिरी दिन 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाया कि अमेरिकी धरती पर पैदा होने वाले लगभग सभी लोगों को अमेरिकी नागरिकता का अधिकार मिलना चाहिए। कोर्ट के इस फैसले से 14वें संशोधन की लंबे समय से चली आ रही कानूनी व्याख्या बरकरार रहेगी। वहीं, कोर्ट के फैसले पर डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह संसद में बिल को हर हालत में पास करवाकर रहेंगे।

*छह माह और पद पर रहेंगे*

## मुख्य सचिव रस्तोगी को दूसरी बार एक्सटेंशन

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के मुख्य सचिव (सीएस) अनुराग रस्तोगी को केंद्र सरकार ने 6 महीने का सेवा विस्तार दे दिया है। अब वह 31 दिसंबर 2026 तक मुख्य सचिव के पद पर बने रहेंगे। हरियाणा में पहली बार किसी सीएस को लगातार दो बार एक्सटेंशन मिली है। 30 जून को उनकी एक साल की एक्सटेंशन पूरी हुई। रस्तोगी को एक्सटेंशन मिलने से सबसे ज्यादा सीनियर आईएएस अफसर सुमिता मिश्रा व सुधीर राजपाल की उम्मीदों को झटका लगा है। 1990 बैच के दोनों अफसर मुख्य सचिव बनने की दौड़ में थे। अब राजपाल इसी साल 30 नवंबर और सुमिता मिश्रा 31 जनवरी 2027 को रिटायर हो जाएंगी।



सुमिता मिश्रा व राजपाल को झटका

# 35 हजार क्लर्कों को राहत, 2 से 3 अतिरिक्त इंक्रीमेंट देने का ऐलान

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने राज्य के लगभग 35 हजार क्लर्कों को बड़ी राहत दी है। वित्त विभाग ने मंगलवार को आदेश जारी कर क्लर्कों को अतिरिक्त इंक्रीमेंट (वेतनवृद्धि) देने का फैसला किया है। यह निर्णय क्लर्क एसोसिएशन की लंबे समय से चली आ रही मांगों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। वेतन विसंगतियों और इंक्रीमेंट की मांग पर करीब 35 हजार क्लर्कों ने साल 2023 में 42 दिनों तक प्रदेशव्यापी आंदोलन किया था। वित्त विभाग द्वारा 30 जून 2026 को जारी आदेश के अनुसार, 8 फरवरी 2024 के पहले जारी प्रावधानों में संशोधन किया गया है। 2020 से पहले भर्ती सभी वरिष्ठ क्लर्कों को 3 अतिरिक्त इंक्रीमेंट दिए जाएंगे। 2020 बैच के क्लर्कों को 2 अतिरिक्त इंक्रीमेंट का लाभ मिलेगा। सभी पात्र कर्मचारियों का वेतन हरियाणा सिविल सर्विस (पे) नियम-2016 के अनुसार पुनर्निर्धारित किया जाएगा। 27 वर्ष की सेवा पूरी करने पर मिलने वाले अतिरिक्त इंक्रीमेंट संबंधी पुराना प्रावधान समाप्त कर दिया गया है।

*एसोसिएशन की लंबे समय से चली आ रही मांगों पर सरकार ने लिया फैसला*


### ग्रामीण सफाई कर्मियों के वेतन में 2100 की बढ़ोतरी

हरियाणा सरकार ने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के वेतन में बड़ी बढ़ोतरी का फैसला लिया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के मासिक वेतन में 2,100 रुपये की वृद्धि की गई है। सरकार के फैसले के बाद अब ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का मासिक वेतन 16,000 रुपये से बढ़कर 18,100 रुपये हो जाएगा। बढ़ा हुआ वेतन 1 जुलाई 2026 से लागू होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार सफाई कर्मचारियों के हित में फैसले ले रही है।

## हाईकोर्ट ने कहा-अविवाहित और पढ़ाई कर रहे बेटे भी मुआवजे के हकदार

# बालिग पुत्रों की निर्भरता उम्र नहीं, वास्तविक स्थिति से तय होगी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने मोटर दुर्घटना मुआवजा कानून की व्याख्या करते हुए स्पष्ट किया है कि किसी पुत्र के बालिग हो जाने मात्र से यह नहीं माना जा सकता कि वह अपने पिता पर आश्रित नहीं रहा। अदालत ने कहा कि यदि पुत्र अविवाहित है, शिक्षा ग्रहण कर रहा है और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं बना है, तो उसे आश्रित माना जाएगा तथा वह पेरेंटल कंसोर्टियम समेत मुआवजे के सभी लाभ पाने का अधिकारी होगा। इस महत्वपूर्ण टिप्पणी के साथ हाईकोर्ट ने एक सड़क हादसे में मृत व्यक्ति के परिजनों को 4.70 लाख रुपये अतिरिक्त मुआवजा देने का आदेश पारित किया। जस्टिस परमोद गोयल की पीठ ने भतेरी व अन्य की अपील मंजूर करते हुए मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सोनीपत के फैसले में संशोधन किया। याचिकाकर्ताओं में मृतक राजबीर की पत्नी और उनके दो बेटे शामिल थे। अधिकरण ने पहले 12,06,028 रुपये का मुआवजा निर्धारित किया था, जिसे हाईकोर्ट ने बढ़ाकर 16,76,448 रुपये कर दिया।



### सड़क हादसे से गई जान

प्रकरण 8 मई, 2024 को हुए सड़क हादसे से संबंधित है, जिसमें राजबीर की जान चली गई थी। अपीलकर्ताओं की ओर से दलील दी गई कि राजबीर चाय की दुकान संचालित करते थे और हर माह करीब 20 हजार रुपये की आय अर्जित करते थे। हालांकि, इस संबंध में पर्याप्त दस्तावेजी प्रमाण पेश नहीं किए जा सके। ऐसे में अधिकरण ने उनकी आय 11,500 रुपये प्रतिमाह, यानी उस समय की न्यूनतम मजदूरी के अनुरूप निर्धारित की। दूसरी ओर, अदालत ने मृतक के व्यक्तिगत खर्च के मद में की गई 50 प्रतिशत कटौती को अनुचित करार दिया।

### परिवार के तीनों सदस्य आश्रित

जस्टिस परमोद गोयल ने कहा, "मृतक के दोनों पुत्र भले ही बालिग हैं, लेकिन वे अविवाहित हैं, पढ़ाई कर रहे हैं और आर्थिक रूप से स्थापित नहीं हुए हैं। ऐसी परिस्थितियों में यह नहीं कहा जा सकता कि उनकी अपने पिता पर निर्भरता समाप्त हो गई थी। पीठ ने माना कि मृतक के तीनों पारिवारिक सदस्य आश्रित की श्रेणी में आते हैं, इसलिए व्यक्तिगत खर्च के लिए एक-तिहाई कटौती ही न्यायसंगत होगी। इसी आधार पर मुआवजे की राशि का पुनर्निर्धारण किया गया। अदालत ने प्रत्येक पुत्र को इस मद में 48,400 रुपये देने का निर्देश दिया। पुनर्गणना के बाद कुल मुआवजा 16,76,448 रुपये निर्धारित किया गया, जो अधिकरण द्वारा स्वीकृत राशि से 4,70,420 रुपये अधिक है। अदालत ने यह भी पाया कि ट्रिब्यूनल ने मुआवजे पर ब्याज नहीं देकर कानूनी सिद्धांतों का पालन नहीं किया था। इस त्रुटि को सुधारते हुए हाई कोर्ट ने आदेश दिया कि दावा याचिका दायर होने की तिथि से लेकर मुआवजे की पूरी राशि के भुगतान तक 7.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी दिया जाएगा।

# किसानों को संगठित कर आत्मनिर्भर बनाने की नई पहल, एफपीओ मिशन-2026 लॉन्च

## बावल में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया शुभारंभ, कृषि प्रदर्शनी का भी उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को बावल में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा एफपीओ मिशन-2026 का शुभारंभ किया। इस दौरान कृषि के नवीनतम नवाचारों पर आधारित औद्योगिक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया तथा कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया।

■ विकसित कृषि और समृद्ध किसान के बिना साकार नहीं हो सकता विकसित भारत का सपना : चौहान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकसित भारत का सपना उन्नत कृषि और समृद्ध किसानों के बिना पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कृषि को लाभकारी, आधुनिक और टिकाऊ बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। वैज्ञानिक खेती, आधुनिक तकनीक और किसानों की सक्रिय भागीदारी से भारत कृषि क्षेत्र में और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने कृषि क्षेत्र में पूरे देश के सामने एक प्रेरणादायी मॉडल प्रस्तुत किया है।



रेवाड़ी। कार्यक्रम के दौरान कृषि यंत्रों का अवलोकन करते हुए केंद्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री।

### प्रदेश में 775 किसान उत्पादक संगठन सक्रिय : नायब

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा एफपीओ मिशन-2026 छोटे और सीमांत किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। वर्तमान में प्रदेश में कृषि, बागवानी और डेयरी क्षेत्र से जुड़े करीब 775 किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) सक्रिय हैं। नए मिशन के माध्यम से इन संगठनों को मजबूत कर मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण और बेहतर विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे किसानों की आय बढ़ेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। इनमें महेंद्रगढ़ के कर्ण सिंह, रेवाड़ी के वेद प्रकाश, महेंद्रगढ़ की बनारसी देवी, रेवाड़ी के सुनील कुमार, रेवाड़ी के राज कुमार तथा झज्जर के संदीप कुमार शामिल रहे।

## भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित होंगे शहर : मुख्यमंत्री

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के सभी शहरों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बनाया जाएगा जहां लोगों को सभी सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर मिलेंगी और किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने ये बात मंगलवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा विजन-2047 के तहत शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अगले 5 साल के रोडमैप व कार्ययोजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हरियाणा के शहरों को अगले 5 साल में विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया जाएगा। इसके लिए गुरुग्राम व फरीदाबाद में पायलेट प्रोजेक्ट के तहत 24 घंटे पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी, शहरी क्षेत्रों में योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए बहुभाषी टच स्क्रीन लगवाई जाएंगी, शहरी क्षेत्रों में फ्री वाई-फाई सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके लिए उन्होंने जल्द ही टेंडर करके आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

■ हरियाणा विजन-2047 के तहत ली समीक्षा बैठक

## खबर संक्षेप

### विस सचिवालय रक्तदान एवं नेत्र जांच शिविर आज

चंडीगढ़। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर हरियाणा विधान सभा सचिवालय की ओर से 1 जुलाई को हरियाणा विधान सभा परिसर स्थित कमेटी रूम में रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण करेंगे। इस रक्तदान शिविर में हरियाणा विधान सभा सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ समीप स्थित सिविल सचिवालय के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उत्साहपूर्वक रक्तदान करेंगे। शिविर का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराने के सामाजिक अभियान को सशक्त बनाना है।

### राय को नजरबंद करना असंवैधानिक : राव नरेंद्र

चंडीगढ़। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय को अयोध्या में हाउस अरेस्ट किए जाने की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों के विरुद्ध बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी विपक्षी नेता को भगवान श्रीराम के दर्शन करने से रोकना और उनकी आवाज़ को प्रशासनिक कार्रवाई के माध्यम से दबाना लोकतंत्र की भावना के अनुरूप नहीं है।

### समझौता लागू कराने की मांग पर कर्मचारी गरम

चंडीगढ़। नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा ने सरकार के साथ 13 मई को हुए समझौते को लागू कराने की मांग को लेकर प्रदेश के सभी 87 शहरी निकायों में 1 और 2 जुलाई को 'उल्टी झाड़ू' के साथ आक्रोश प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने समझौते की मांगों पर जल्द अमल नहीं किया तो 6, 7 और 8 अगस्त को पूरे प्रदेश में तीन दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल की जाएगी।संघ के राज्य प्रधान नरेश शास्त्री और महासचिव मांगेराम तिगरा ने मंगलवार को जारी बयान में आरोप लगाया कि सरकार कर्मचारियों और दलित वर्ग के प्रति नकारात्मक रवैया अपना रही है।

### जॉब सिक्योरिटी बिल विस सत्र में लाने की मांग

चंडीगढ़। हरियाणा यूनिवर्सिटी कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) ने विश्वविद्यालयों में कार्यरत अनुबंधित सहायक प्राध्यापकों और शिक्षकों के लिए जॉब सिक्योरिटी बिल को आगामी विधानसभा मानसून सत्र में पेश कर उसे कानून का रूप देने की मांग उठाई है। इस संबंध में एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को चंडीगढ़ सचिवालय में हरियाणा के उच्च शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि विश्वविद्यालयों में कार्यरत लगभग 1,400 अनुबंधित शिक्षकों को सेवा सुरक्षा प्रदान करने के लिए अलग से विधेयक लाया जाए।


**महाराष्ट्र शासन**
**सार्वजनिक बांधकाम विभाग जालना**
**ई - निविदा सुचना क्रमांक (०४) २०२६-२०२७**

कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम विभाग, जालना (दुरध्वनी क्रमांक -02482-230143) हे महाराष्ट्र शासन सार्वजनिक बांधकाम विभाग यांचे कडे योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकृत कंत्राटदार यांच्या कडुन जालना जिल्हयातील खालील (१६) कामा करीता ब-१ नमुन्यातील निविदा ई-निविदा प्रणालीव्दारे (ऑन लाईन) व्दारे मागविण्यात येत आहे.

टिप :- 1) निविदा कागदपत्राचा तपशील महाराष्ट्र शासनाच्या ई-टेंडरींग संकतेत स्थळावर https://mahatenders.gov.in आणि http://mahapwd.gov.in या संकेत स्थळावर उपलब्ध आहे.

2) सदर निविदा सुचना मध्ये काही बदल होत असल्यास वरील वेबसाईट वरती कळविण्यात येईल.

3) निविदा स्विकारण्यायचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता सार्वजनिक बांधकाम विभाग जालना यांनी राखुन ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

हस्ता/-कार्यकारी अभियंता
सार्वजनिक बांधकाम विभाग,
जालना.

आरओसी-2026-27/क्रं-5/C1387



**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता/निर्माण, उत्तर रेलवे, चंडीगढ़ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा का प्रकार | ई-निविदा (दो पैकेट प्रणाली) |
| 2 | निविदा संख्या | 2-डब्ल्यू.सी./293/सीडीजी-I दिनांक 30.06.2026 |
| 3 | कार्य का नाम | मुख्य परियोजना प्रबंधक/निर्माण/चंडीगढ़ (CPM/C/CDG) के अधिकार क्षेत्र में अंबाला (UMB) मंडल के धूरी-लुधियाना (DUI-LDH) सेक्शन के कि.मी. 20/10-11 पर समपार फाटक (L-Xing) संख्या 19-C के बदले बॉक्स पुशिंग तकनीक द्वारा सीमित ऊंचाई के सबवे (LHS) का निर्माण; फिरोजपुर मंडल के फिरोजपुर-फाजिल्का (FZR-FKA) सेक्शन पर समपार फाटक संख्या B-35 के बदले LHS का निर्माण; लुधियाना-फिरोजपुर (LDH-FZR) सेक्शन पर समपार फाटक संख्या C-49, A-57, C-70 एवं L-72 के बदले LHS का निर्माण; अमृतसर-अटारी (ASR-ATTARI) सेक्शन पर समपार फाटक संख्या S-21 के बदले LHS का निर्माण तथा अन्य संबद्ध कार्य। |
| 4 | कार्य पूरा करने का समय | 18 (अठारह) महीने |
| 5 | कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 41,31,06,193/- रुपये (इकतालीस करोड़, इकतीस लाख, छह हजार, एक सौ तिरानवे केवल) |
| 6 | धरोहर राशि | ₹ 82,62,100/- रुपये (बयासी लाख, बासठ हजार, एक सौ केवल) |
| 7 | ई-निविदा जमा करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | निविदाएं दिनांक 22.07.2026 को 15:00 बजे तक रेलवे वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती हैं। निविदाकर्ता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं जो 22.07.2026 को 15:00 बजे खोली जाएगी। |
| 8 | विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज | विस्तृत ई-निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 01.07.2026 से 22.07.2026 तक उपलब्ध होगा। |

निविदा संख्या: 2-डब्ल्यू.सी./293/सीडीजी-I, दिनांक: 30.06.2026 2241/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## 980 करोड़ से बदलेगी हरियाणा पुलिस की तस्वीर, आधुनिकीकरण पर फोकस : डीजीपी

■ पांच हजार नई भर्तिया और साइबर पुलिसिंग पर होगा काम



चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) अजय सिंघल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2026 को 'पुलिस मॉडर्नाइजेशन एवं वेलफेयर ईयर' घोषित करने के विजन को हरियाणा में तेजी से लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पुलिस के आधुनिकीकरण, आधारभूत ढांचे के विकास और पुलिसकर्मियों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। पुलिस आधुनिकीकरण और अवसंरचना विकास पर कुल करीब 980 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है, जिससे प्रदेशभर में 237 आधारभूत परियोजनाओं को गति मिलेगी। सेक्टर-6 स्थित पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में डीजीपी अजय सिंघल ने बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के लिए करीब 750 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। गृह मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं और अन्य परियोजनाओं को मिलाकर कुल निवेश लगभग 980 करोड़ रुपये तक पहुंचता है। उन्होंने कहा कि यह हरियाणा पुलिस के इतिहास का सबसे बड़ा आधारभूत ढांचा विकास कार्यक्रम है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## दहेज प्रताड़ना मामले में एएसआई और एसआई पर जांच के निर्देश

पंचकूला। दहेज प्रताड़ना के एक मामले में कार्रवाई में कथित लापरवाही बरतने पर पंचकूला महिला थाना की एएसआई कविता और एसआई नेहा सिंधु के खिलाफ जांच के आदेश दिए गए हैं। ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार ने डीसीपी सृष्टि गुप्ता की निगरानी में चार दिन के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि दहेज प्रताड़ना के मामले में पर्याप्त साक्ष्य देने के बावजूद पुलिस ने उसके ससुर को आरोपी नहीं बनाया। शिकायत में कहा गया कि ससुर द्वारा छह लाख रुपये लेने के सबूत भी उपलब्ध कराए गए थे। मंत्री ने पाया कि मामले की जांच संतोषजनक ढंग से नहीं की गई। बैठक में यह भी कहा गया कि मुख्य आरोपी वर्तमान में यमुनानगर सीआईए में तैनात पुलिसकर्मी है।

■ ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में मंत्री कृष्णलाल पंवार सख्त, चार दिन में रिपोर्ट तलब


**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद चरखी दादरी | वार्ड नं. 12 एमसी चरखी दादरी में शिव मंदिर बिचला बस्सा से पी.एच. गोदाम तक रोड और साथ लगती गलियों का निर्माण + 9 कार्य। | 27.06.2026 06.07.2026 | 1,81,62,452/- | https://etenders.hry.nic.in | 7357580557 eemcchdadri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/46669/I/88/6 दि. 30.06.26



**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद झज्जर | एम.सी. झज्जर में गुरुग्राम रोड पर छिक्कारा चौक से दादरी बाईपास तक और महाराजा अग्रसेन चौक से रमेश गैस एजेंसी तक सेंट्रल वर्जेज का सौंदर्यीकरण + 14 कार्य। | 25.06.2026 06.07.2026 | 10,94,90,183/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416386838 sjsecymcjhajjar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/46672/I/88/6 दि. 30.06.26


## हरियाणा में पहली बार होगा राज्य स्तरीय फिल्म फेस्टिवल

■ 12 से 15 नवंबर तक सजेगा हरियाणा फिल्म फेस्टिवल-2026, आयोजन के लिए कोर कमेटी गठित

चंडीगढ़। हरियाणा में पहली बार राज्य स्तरीय हरियाणा फिल्म फेस्टिवल-2026 का आयोजन 12 से 15 नवंबर तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की बजट घोषणा के अनुरूप आयोजित होने वाले इस चार दिवसीय महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंगलवार को सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग की अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में फेस्टिवल की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आयोजन के लिए एक कोर कमेटी का गठन किया गया।



### सुपवा विशेषज्ञों ने लिया हिस्सा

बैठक में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग तथा दादा लखमी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय (डीएलसी सुपवा), रोहतक के वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस अवसर पर सुपवा के कुलगुरु डॉ. अमित आर्य, फिल्मकार अतुल गंगवार, अतिरिक्त निदेशक विवेक कालिया, संयुक्त निदेशक नीरज, परियोजना निदेशक डॉ. पवन आर्य, रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक, फैकल्टी सदस्य दीप्ति खुराना, केशव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आईएएस अब 31 जुलाई तक भर सकेंगे सेल्फ अप्रेजल

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने आईएएस और एचसीएस अधिकारियों को राहत देते हुए सेल्फ अप्रेजल (स्व-मूल्यांकन) जमा करने की अंतिम तिथि एक माह बढ़ाकर 31 जुलाई कर दी है। केंद्र सरकार द्वारा अखिल भारतीय सेवा (आईएएस) अधिकारियों की परफॉर्मेंस अप्रेजल रिपोर्ट (पीएआर) की समय-सारिणी में बदलाव के बाद राज्य सरकार ने भी दोनों सेवाओं के अधिकारियों के लिए संशोधित कार्यक्रम लागू किया है। मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से मंगलवार को आईएएस और एचसीएस अधिकारियों के लिए अलग-अलग आदेश जारी किए गए।

पहले सेल्फ अप्रेजल जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित थी। नई समय-सारिणी के अनुसार, अधिकारी 31 जुलाई तक सेल्फ अप्रेजल जमा कर सकेंगे। इसके बाद रिपोर्टिंग अथॉरिटी 15 सितंबर तक, रिव्यूइंग अथॉरिटी 15 नवंबर तक और एक्सेप्टिंग अथॉरिटी 31 दिसंबर तक मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी करेगी।

■ एचसीएस अधिकारियों को भी राहत


**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Home Finance
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, गर्ग टावर, मा लक्ष्मी, निकट दीप होटल/आईसीआईसीआई बैंक बिल्डिंग, डबवाली रोड, सिरसा-125055

चूंकि
अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हनुमान दास (कर्जदार), धर्मवीर (सह-कर्जदार), रोशनी देवी (सह-कर्जदार), LHSIR00001352304. | एनए खतौनी नं. 1026 खसरा नं. 705 बारकबा 0 कनाल 16 मरले 7/10 भाग सिरसा-125055 (संदर्भ एलएएन नं. LHSIR00001352304). सीमाएं-उत्तर : 12 फुट 2 इंच राजेंद्र यादव का मकान, दक्षिण : 49 फुट 2 इंच राम प्यारी पत्नी का प्लॉट, पूर्व : 61 फुट रोड, पश्चिम : 61 फुट भगवान दास का मकान। / कब्जे की तिथि 26 जून 26 | 16-02-2023 रु. 7,25,740/- | हिसार |
| 2. | हनुमान दास (कर्जदार), धर्मवीर (सह-कर्जदार), रोशनी देवी (सह-कर्जदार), LHSIR00001352305. | एनए खतौनी नं. 1026 खसरा नं. 705 बारकबा 0 कनाल 16 मरले 7/10 भाग सिरसा-125055 (संदर्भ एलएएन नं. LHSIR00001352305). सीमाएं-उत्तर : 12 फुट 2 इंच राजेंद्र यादव का मकान, दक्षिण : 49 फुट 2 इंच राम प्यारी पत्नी का प्लॉट, पूर्व : 61 फुट रोड, पश्चिम : 61 फुट भगवान दास का मकान। / कब्जे की तिथि 26 जून 26 | 16-02-2023 रु. 41,986/- | हिसार |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 01 जुलाई 2026
स्थान : सिरसा
प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड


## हरियाणा कांग्रेस में संगठनात्मक फेरबदल की तैयारी तेज

■ नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी संजय दत्त ने हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से की मुलाकात

चंडीगढ़। हरियाणा कांग्रेस में लंबे समय से लंबित संगठनात्मक फेरबदल अब रफ्तार पकड़ता नजर आ रहा है। नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी संजय सतीशचंद्र दत्त ने औपचारिक रूप से हरियाणा का प्रभार संभाल लिया है। इसके साथ ही प्रदेश संगठन को नए सिरे से सक्रिय करने और विभिन्न गुटों के बीच समन्वय स्थापित करने की कवायद भी शुरू हो गई है। नई दिल्ली पहुंचने के बाद संजय दत्त ने लगातार दो दिनों तक कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात कर हरियाणा की राजनीतिक और संगठनात्मक स्थिति पर चर्चा की। मंगलवार और बुधवार को उन्होंने दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। इन बैठकों को संगठन के पुनर्गठन की दिशा में पहला बड़ा कदम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, बैठकों में प्रदेश कांग्रेस में लंबित नियुक्तियां, जिला और ब्लॉक स्तर पर संगठन का पुनर्गठन, सदस्यता अभियान, संगठन विस्तार, आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की रणनीति और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने जैसे मुद्दों पर मंथन किया जा रहा है।


**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम फरीदाबाद | फरीदाबाद के लिए सेक्टर 9-8 से बाईपास के साथ-साथ ग्रीन बेल्ट और सेक्टर 64 में 4 अदद नलकूपों तथा जलापूर्ति योजना के विभिन्न स्थानों पर 22 अदद बूस्टिंग स्टेशनों सहित विद्युत, यांत्रिकी, और सिविल कार्य, स्वतंत्र फीडर इत्यादि का प्रचालन व रखरखाव और एक वर्ष की अवधि के लिए उससे संबद्ध सभी अन्य कार्य। | 25.06.2026 06.07.2026 | 2,23,69,032/- | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 nitinkadian.ulb@hry.gov.in |
| 2 | नगर निगम फरीदाबाद | वार्ड-29, डिवी.-V, एमसीएफ में बंगाल शूटिंग के सामने ग्रीन बेल्ट की दीवार पर सीमेंट प्लास्टर सहित ग्रिल और चार दीवारी के पुनर्निर्माण/अपग्रेडेशन हेतु आकलन + 5 कार्य। | 25.06.2026 02.07.2026 | 1,75,96,799/- | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 xenmcf5@gmall.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/80/46667/I/88/6 दि. 30.06.26



**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई-नीलामी के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस

| S. N. | Lot No. | Auction Catalogue No. | Details | Auction start date & time | Auction close date & time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Catg-UMB-MET-GMU-177-26-1 | UMB-Ctg-08-2026 | (जनरल माइनर यूनिट- खानपान) (जीएमयू) (आकार-10' x 6') स्टॉल नंबर-2, प्लेटफॉर्म संख्या-1, सामान्य श्रेणी के लिए मालेरकोटला रेलवे स्टेशन पर। | 08.07.2026 at 12:00 hrs. | 08.07.2026 at 12:30 hrs. |
| 2. | Catg-UMB-UBC-GMU-161-25-1 | UMB-Ctg-08-2026 | रिफ्रेशमेंट रूम-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) (Size 40.61 sqm) सामान्य महिला श्रेणी के लिए अम्बाला सिटी रेलवे स्टेशन। | 08.07.2026 at 12:00 hrs. | 08.07.2026 at 12:40 hrs. |
| 3. | Catg-UMB-RAA-GMU-181-26-1 | UMB-Ctg-08-2026 | (जनरल माइनर यूनिट- खानपान) (जीएमयू) (आकार-10' x 6') स्टॉल नंबर-1, सर्कुलेटिंग एरिया में सामान्य श्रेणी के लिए बराड़ा रेलवे स्टेशन पर। | 08.07.2026 at 12:00 hrs. | 08.07.2026 at 12:50 hrs. |

नोटः ई-नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें।
No: NR-UMB0COML(CG)/4/2023 Dated: 29 June, 2026 2232/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिला में नाथूसरी चोपटा में चौ. देवीलाल राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय में कंसर्टिना कॉयल फेंसिंग का प्रावधान और चार दीवारी के निर्माण हेतु डीएनआईटी (जीएसटी के बिना) + 1 कार्य | 26.06.2026 03.07.2026 | 85.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प पलवल | वर्ष 2026-27 हेतु पलवल जिले में गांव गुरवारी के निकट यमुना नदी के ऊपर पोन्टून ब्रिज का वार्षिक रखरखाव (विखंडन और लांचिंग) (जीएसटी के बिना) + 2 कार्य। | 26.06.2026 02.07.2026 | 61.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हांसी | हांसी जिले में ज्युडिशियल कोर्ट कॉम्प्लेक्स में क्रेश का निर्माण (जीएसटी के बिना)। | 26.06.2026 02.07.2026 | 15.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1163259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | लोहारू कैनाल के पंप हाऊस नं. 1 पर 35 सीएस वीटी पंप के 05 अदद एमएस डिलीवरी पाइप की आपूर्ति व फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 02.07.2026 | 7.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 5 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | मंडी डबवाली :- "उत्तम नगर में आईपीएस, संग्रहण टैंक (6.00 Å- 4.00 एम), पंप चैंबर, चार दीवारी के निर्माण, पंपिंग मशीनरी की स्थापना और सीवरेज सिस्टम का प्रावधान व बिछाने के कार्य के साथ-साथ उससे संबद्ध अन्य सभी कार्य हेतु डीएनआईटी"। सीएच. हैड :- मंडी डबवाली :- डबवाली कस्बा जिला सिरसा में नई अनुमोदित कॉलोनी में सीवरेज सिस्टम का प्रावधान और उत्तम नगर में आईपीएस का निर्माण। | 26.06.2026 13.07.2026 | 1487.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 6 | जिला परिषद पानीपत | गांव काबरी, ब्लॉक पानीपत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण। | 25.06.2026 06.07.2026 | 409.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7027133058 xenzilaparishadpanipat@gmail.co |
| 7 | जिला परिषद अंबाला | सीसंगढ़ ब्लॉक बराड़ा-सीसंगढ़ (दोसारका) ब्लॉक बराड़ा जिला अंबाला में ओमप्रकाश से मिंटु तक आईपीबी गली का निर्माण, मेन रोड से सुनील एडवोकेट तक आईपीबी गली का निर्माण (वीएनजीवाई) + 21 कार्य। | 26.06.2026 03.07.2026 | 162.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712975281 zpexenambala@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज अंबाला | एचजीवीवाई-गांव बेगोमाजरा ब्लॉक अंबाला-1 में हरकिरत के खेत से कुलभूषण के खेत तक ब्रिक पेव्ड रास्ता का निर्माण। | 26.06.2026 02.07.2026 | 7.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज सोनीपत | गांव टेहा में आईपीबी शमशान घाट रास्ता का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.07.2026 | 107.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2027/180/46684/I/88/6 दि. 30.06.26


भारत सरकार
Digital India
Power To Empower
डिजिटल इंडिया के 11 साल
गाँव-शहर हुआ जीवन आसान
₹51+ लाख करोड़ की राशि डीबीटी से सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुँची
देशभर में 42+ लाख रूट किमी ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क; लगभग 2.2 लाख गाँव जुड़े
दुनिया का हर दूसरा डिजिटल ट्रांजैक्शन भारत में
70+ करोड़ डिजिलॉकर यूजर्स
पोषण ट्रैकर के माध्यम से 8.9+ करोड़ माताओं और बच्चों की रियल टाइम पोषण मॉनिटरिंग
2500 से अधिक सरकारी सेवाएं अब मोबाइल पर उपलब्ध
सस्ता डेटा और 5G का तेज़ी से विस्तार
स्टार्टअप इंडिया और अटल इनोवेशन मिशन से डीप-टेक को बढ़ावा
आकार ले रहे हैं 12 सेमीकंडक्टर प्लांट
“ डिजिटल इंडिया का मतलब है सरकार आपके द्वार पर, आपके मोबाइल पर। डिजिटल इंडिया का मतलब है भ्रष्टाचार पर लगाम। डिजिटल इंडिया का मतलब है गरीब से गरीब तक हक पहुंचना। ”
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
CBC 06124/13/0003/2627

## खबर संक्षेप

### रैपिड रेल का सर्वे कर रही टीम को झाड़ियों में मिला महिला का शव

**गुरुग्राम।** दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 48 पर इफको चौक के पास सर्विस लेन की झाड़ियों में एक महिला का शव गली सड़ी हालत में मिला है। मृतका की उम्र करीब 30 वर्ष है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का कुछ खुलासा हो सकता है। यह शव उस समय बरामद हुआ, जब राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम के इंजीनियर और कर्मचारी रैपिड रेल कॉरिडोर के लिए जमीन की निशानदेही का काम कर रहे थे। कर्मचारियों को झाड़ियों से तेज बदबू आई।

### फरीदाबाद पुलिस ने नष्ट कराया एक क्विंटल से ज्यादा नशीला पदार्थ

**फरीदाबाद।** शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पकड़े गए नशीले पदार्थों को कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने 87 अलग-अलग मामलों में 2023 से 26 के दौरान जब्त किए गए करीब एक क्विंटल दस किलोग्राम गांजे को आग के हवाले कर दिया। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी की निगरानी में की गई।

## करनाल और सिरसा पुलिस को बदमाशों के खिलाफ मिली बड़ी कामयाबी

# गोल्डी गैंग से जुड़े पांच बदमाश व हथियार सप्लायर गिरफ्तार, दो हत्या की फिराक में थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सीआईए-1 करनाल ने कुटेल बाईपास के पास बड़ी कार्रवाई करते हुए 29 जून को गोल्डी बराड़ गैंग से जुड़े पांच आरोपियों और एक हथियार सप्लायर को गिरफ्तार कर बड़ी आपराधिक साजिश का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से आठ अवैध पिस्तौल, 30 कारतूस और एक सिलेरियो कार बरामद की है। पूछताछ में दो हत्याओं की साजिश का भी खुलासा हुआ है, जबकि एक आरोपी परमीत मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। सीआईए-1 प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पवन उर्फ पोन्ना निवासी कलानौर, जतिन निवासी कलानौर, राहुल निवासी खरखौदा, नवदीप एवं कपिल निवासी शहर मालपुर (पानीपत) के रूप में हुई। वहीं हथियार उपलब्ध कराने वाले आकाश को खरखौदा से गिरफ्तार किया है।

### आठ अवैध पिस्तौल, 30 कारतूस व कार बरामद



करनाल। पुलिस गिरफ्तार में आरोपी और बरामद अवैध हथियार।

### कलानौर का पूर्व एमसी है मुख्य आरोपी

जांच में सामने आया कि आरोपी कलानौर में रंजिश के चलते अवतार कालिया तथा पंजाब के चंदू फिरोजपुरिया की हत्या की योजना बना रहे थे। जांच में पता चला कि मुख्य आरोपी पवन कलानौर का पूर्व एमसी रह चुका है। वर्ष 2017 में हुई रंजिश के चलते वह बदला लेने की फिराक में था। पुलिस इस पूरे एंगल की भी जांच कर रही है।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि सभी आरोपी गोल्डी बराड़ गैंग से जुड़े हैं। उनका संपर्क मनीष और अमर नामक अपराधियों के माध्यम से हुआ था। मनीष डबल मर्डर केस में दोषी है, जबकि अमर 20 वर्ष की सजा के दौरान पैरोल पर बाहर आने के बाद फरार हो गया था। सीआईए प्रभारी संदीप सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड लिया जाएगा। साथ ही आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड, हथियारों की सप्लाई चेन और गैंग के अन्य सदस्यों के बारे में गहन पूछताछ की जा रही है।

### पंजाब के कुख्यात बच्चा गैंग का गैंगस्टर गौरव शर्मा दो साथियों सहित गिरफ्तार



- तीन अवैध पिस्तौल, 81 कारतूस और छह लाख रुपये की ब्लैक मनी बरामद, गौरव पर दर्ज हैं 40 संगीन अपराध

**सिरसा (हरिभूमि न्यूज)।** पुलिस ने पंजाब के कुख्यात बच्चा गैंग के सक्रिय गैंगस्टर गौरव शर्मा को उसके दो साथियों सहित सिरसा से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन अवैध पिस्तौल, 81 कारतूस और छह लाख रुपये की ब्लैक मनी बरामद की है। डीएसपी सुखबीर सिंह ने मंगलवार को पत्रकारवार्ता में बताया कि जांच में सामने आया है कि आरोपी किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि डबवाली रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास एक गाड़ी में सवार तीन युवक अवैध हथियारों के साथ मौजूद हैं। सूचना मिलते ही सीआईए सिरसा प्रभारी रविंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर तीनों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पंजाब के लुधियाना निवासी गौरव शर्मा, सिरसा निवासी विकास देहड़ तथा हिसार निवासी अंकुश के रूप में हुई है। डीएसपी सुखबीर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार गौरव शर्मा पंजाब के बच्चा गैंग का सक्रिय सदस्य है। उसके खिलाफ हत्या, लूट, डकैती, फिरौती, धमकी समेत करीब 40 संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह पिछले 13 सालों से पंजाब की जेल में बंद है और फिलहाल पैरोल पर बाहर आया हुआ था।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना ने काफिला रुकवा घायल को दी प्राथमिक चिकित्सा



**फतेहाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** राजनीति और वीआईपी प्रोटोकॉल की चकाचौंध के बीच मंगलवार को फतेहाबाद में मानवता की एक बेहद खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली। भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अपना काफिला रुकवाकर सड़क दुर्घटना में घायल एक बाइक सवार को खुद संभालकर उसे प्राथमिक उपचार दिलवाया। डॉ. अर्चना गुप्ता अपने काफिले के साथ सिरसा में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करने जा रही थीं। उनके साथ फतेहाबाद के बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा भी मौजूद थे।

### नहर किनारे तालाब में नहाने गए दो चचेरे भाइयों की डूबने से मौत

- 16 व 15 वर्ष के किशोर सुबह व्यायाम करने जाते थे, कसरत के बाद नहाते वक्त हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

गांव लहलाना व भाखड़ा के बीच स्थित नहर के साथ लगते डिग के पानी में 2 मासूम किशोर डूब गए। जिसके कारण दोनों की मौत हो गई। दोनों मृतक आपस में चचेरे भाई हैं और सुबह दौड़ करने के लिए जाते है। इसी दौरान वे नहाने के लिए नहर किनारे बने तालाब में उतर गए और उसमें डूबने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, गांव लहलाना निवासी पीयूष (16) व वीरेन (15) रोजाना सुबह सवेरे व्यायाम करने के लिए जाते थे। आज वे घर से करीब सवा 4 बजे निकले थे। दौड़ पूरी करने के बाद सुबह वे नहर के पास तालाब में नहाने के लिए चले गए। इसी दौरान पानी में डूबने लगे। ग्रामीणों ने उन्हें बचाने का भी प्रयास किया। दोनों किशोरों को गंभीर हालत में अस्पताल लेकर आए,लेकिन चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक वीरेन के पिता राजकुमार के बयान दर्ज किए गए हैं। बयानों में बताया कि उनके बच्चों की मौत डिग में डूबने के कारण हुई है।

### चानौत में महापंचायत : 3 जुलाई को देंगे ज्ञापन, 4 मार्च को ट्रैक्टर मार्च

**हांसी (हरिभूमि न्यूज)।** भाखड़ा पाइपलाइन से पानी की मांग को लेकर चानौत गांव में चल रहा धरना मंगलवार को 46वें दिन भी जारी रहा। मंगलवार को धरना स्थल पर आयोजित महापंचायत में आंदोलन को और तेज करने के लिए 4 बड़े फैसले लिए हैं। महापंचायत में निर्णय लिया गया कि चानौत गांव की मांग को पूरा करवाने के लिए विभिन्न खाप पंचायतें अपने-अपने क्षेत्रों के उच्च अधिकारियों को 3 जुलाई को ज्ञापन सौंपकर सरकार तक मांग पहुंचाएंगी। महापंचायत में 4 मार्च को धरना स्थल से जलघर तक ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा और मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। इसमें बड़ी संख्या में चानौत व आसपास के गांवों के किसान और ग्रामीण अपने ट्रैक्टर के साथ शामिल होंगे। धरने पर बैठे खाप पंचायतों व धरना कमेटी के सदस्यों ने कहा कि यदि सरकार ने 5 जुलाई तक उनकी मांग को पूरा नहीं किया तो 6 जुलाई को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक प्रदेश के हाईवे जाम किया जाएगा। आंदोलन से जुड़ी खबरें दिखाने वाले सोशल मीडिया चैनलों और पेजों को बंद करने पर भी चेतावनी दी गई।

### एचटेट में मंगलसूत्र, बिंदी व सिंदूर लगाने की मिली छूट

- अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट से आज से डाउनलोड कर सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन शंकरलाल धूपड़ एवं सचिव मुनीश शर्मा ने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2025 (एचटेट) लेवल-1, 2 व 3 का आयोजन 4 व 5 जुलाई को करवाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र का रंगीन प्रिंट लाना अनिवार्य है। उन्हें एक पृष्ठीय प्रवेश-पत्र की सेंटर कॉपी व अभ्यार्थी कॉपी का एक-एक रंगीन प्रिंट आउट लेकर आना अनिवार्य है। अभ्यर्थी द्वारा आवेदन के पंजीकरण करते समय प्रयोग किए फोटो युक्त पहचान पत्र को मूल रूप में परीक्षा केन्द्र पर लेकर आना होगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी परीक्षा आरंभ होने से 2 घण्टे 10 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें। चेयरमैन धूपड़ व सचिव शर्मा ने बताया कि परीक्षा के दौरान महिला अभ्यर्थियों को मंगलसूत्र पहनने, बिन्दी व सिंदूर लगाने की ही छूट होगी। वहीं बैपटाइज्ड, सिख अभ्यर्थियों को धार्मिक प्रतीकों को ले जाने की अनुमति होगी। इसके अलावा परीक्षा केन्द्र के अन्दर अंगूठी, चेन, बालियां, हार, लटकन, ब्रोच आदि जैसे सभी गहने, किसी भी धातु की वस्तु, कैमरा, मोबाइल, पेजर, ब्लूटुथ, ईयर फोन, कैलकुलेटर, घड़ी, हेल्थ बैंड, इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेटस, पर्स, लॉग टेबल, प्लास्टिक पाउच, कागज एवं लिखित चिट आदि की अनुमति नहीं है। उन्होंने बताया कि नेत्रहीन, अशक्त अभ्यर्थी जिनकी अशक्तता 40 प्रतिशत या इससे अधिक है, ऐसे अभ्यर्थी को स्वयं लेखक के चयन की अनुमति दी जाती है। ऐसे अभ्यर्थी परीक्षा तिथि से कम से कम 4 दिन पहले बोर्ड मुख्यालय में संपर्क कर सकते हैं। अभ्यर्थी के अनुरोध पर लेखक की सुविधा केन्द्र अधीक्षक द्वारा भी दी जा सकती है। इसके लिए कम से कम दो दिन पहले आवंटित परीक्षा केन्द्र अधीक्षक से संपर्क करें।

### 12वीं में पास होने के बाद मनाली घूमने गए युवक की खाई में गिरने से मौत



**फतेहाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** 12वीं की परीक्षा पास करने के बाद दोस्तों के साथ हिमाचल घूमने निकला फतेहाबाद का 18 वर्षीय भूपेंद्र भाटी हादसे का शिकार हो गया। अग्रवाल कॉलोनी निवासी व पंजाब नेशनल बैंक में मैनेजर सुल्तान सिंह के इकलौते बेटे भूपेंद्र की लाहौल-स्पीति में एक सड़क हादसे में मौत हो गई। भूपेंद्र 25 जून को अपने चार दोस्तों आर्यन, अरमान, नीरज और शिवम के साथ मनाली घूमने गया था। सभी दोस्तों ने हाल ही में 12वीं कक्षा पास की थी। वे लाहौल-स्पीति से लौट रहे थे। बताया गया कि वापसी के दौरान सभी दोस्त रास्ते में चाय पीने के लिए रुके थे। इसी दौरान एक कार चालक ने वाहन को बैक कराने में मदद मांगी। भूपेंद्र पीछे खड़ा होकर उसे इशारा कर रहा था कि अचानक चालक का पैर एक्सीलेटर पर पड़ गया। कार की टक्कर लगने से भूपेंद्र गहरी खाई में जा गिरा। भूपेंद्र तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा और परिवार का इकलौता बेटा था।



# 12 घंटे से बोरवेल में फंसा 4 साल का निरवैर

**अंबाला के धन्यौड़ा गांव का मामला » एनडीआरएफ के साथ सेना ने संभाला मोर्चा » 15 से अधिक निकालने के प्रयास विफल**

- बोरवेल में पानी भरा होने से आई दिक्कत, बरसात की वजह से कुछ देर रोकना पड़ा रेसक्यू ऑप्रेशन
- बेटे के विलाप में पिता का बुरा हाल, बोरवेल के पास बेहोश, नागरिक अस्पताल में करवाए गए भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला के धन्यौड़ा गांव का चार साल वर्षीय निरवैर 220 फुट गहरे बोरवेल में गिर गया। मंगलवार सुबह खेलते समय यह हादसा हुआ। बच्चे के बोरवेल में गिरने की भनक लगते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर डीसी अजय सिंह तोमर मौके पर पहुंच गए। एनडीआरएफ की टीमों ने भी बच्चे को गहरे बोरवेल से निकालने की कसरत शुरू हो गई।

उधर अब सेना ने भी मोर्चा संभाल लिया है। अचानक हुई बरसात की वजह से काफी देर तक बचाव कार्य रोकना पड़ा। बच्चे को बोरवेल से सकुशल निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। मासूम निरवैर सुबह करीब साढ़े छह बजे पिता, चाचा और चचेरे भाई के साथ खेत पर घूमने गया था। वह चाचा हरनेक सिंह के खेत में खेल रहा था, तभी पैर फिसल गया और खेत में खुले पड़े गहरे बोरवेल में जा गिरा। बोरवेल 220 फुट 9 इंच गहरा बताया जा रहा है। बच्चे को बचाने के लिए रस्सी के सहारे अंडरवॉटर कैमरे उतारे बोरवेल में नीचे उतारे गए हैं। करीब 12 घंटे से बच्चे को बचाने की कसरत हो रही है। अभी तक कार्रवाई टीमों को कैमरे में बच्चे के हाथ ऊपर की ओर दिखाई दिए, जबकि उसकी गर्दन नीचे की तरफ झुकी दिखाई दे रही है। बच्चे को बचाने के लिए एक दर्जन से ज्यादा प्रयास हो रहे हैं। अभी तक सफलता नहीं मिली।



जांच टीमों को निर्देश देते डीसी अजय सिंह तोमर।

### 24 घंटे में बंद करने के आदेश

धन्यौड़ा हादसे के बाद प्रशासन ने खुले बोरवेल 24 घंटे में बंद करने के आदेश दिए हैं। बोरवेल खुला मिल तो आपराधिक लापरवाही माना जाएगा। डीसी ओर से कहा गया कि कोई भी खुला बोरवेल मिलने पर डायल 112 पर सूचित किया जाए। बोरवेल मालिक के खिलाफ एफआईआर होगी।

### लीकेज के कारण बोरवेल में अंधेरा: डीसी तोमर

डीसी अजय तोमर ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम अब नए सिरे से प्रयास कर रही हैं। कोशिश है कि कैमरे में बच्चे का जो हाथ नजर आ रहा है, उसमें रस्सी बांधी जाए। उन्होंने बताया कि 220 फीट गहरे बोरवेल में पानी लीकेज हो रही है, इस वजह से अंदर गहरा अंधेरा है। उधर सेना- एनडीआरएफ व एसडीआरफ के प्रयासों की विफलता के बाद अब ग्रामीण बच्चे को निकालने के लिए देसी जुगाड़ लगा रहे हैं। बच्चे के परिवार वालों के साथ गांव मौके पर आए ग्रामीणों ने बचाव दल से एक घंटे का समय मांगा है। वे देसी जुगाड़ का इस्तेमाल करके बच्चे को निकालने की कोशिश करेंगे।

### जांच टीमों को पानी भरने से आ रही दिक्कत

बच्चे को बचाने के लिए चल रही कार्रवाई के दौरान जांच टीमों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बोरवेल में 60 फीट के बाद पानी भरा है। ट्यूबवेल लगाने के लिए यहां मशीन से करीब 220 फीट तक खुदाई की गई थी। बेटे के बोरवेल में गिरने के बाद से पिता मनजीत सिंह का रो रोकर बुरा हाल है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत बिजली निगम में काम करने वाले मनजीत सिंह रोते समय बेहोश हो गए। इसके बाद उन्हें तुरंत नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पिता मनजीत सिंह बोरेवेल के बाहर बेटे निरवैर को बचाने की गुहार लगा रहे थे। इसी वजह से वह बेहोश हो गया। बेटे के बोरवेल में गिरने के बाद से मां जसबीर कौर भी शोक में डूब गई। 12 साल की बहन का भी भाई की वजह से रो रोकर बुरा हाल है।

### 50-50 फीट के एल्युमिनियम के पाइप डाले जा रहे



बच्चे को बचाने के लिए अब जांच टीमें बोरवेल में 50-50 फीट के एल्युमिनियम के पाइप डाल रही है। बताया जा रहा है कि अंदर जाकर ये पाइप खुल जाएंगे, ताकि बच्चा इसमें फंस जाए और उसे बाहर निकाला जा सके। कार्रवाई टीमों दूसरा प्लान तैयार किया हुआ है। अगर एल्युमिनियम वाले पाइप की योजना कामयाब न हुई तो बोरवेल के बगल में नया बोर किया जाएगा। हाई स्पीड मशीन 2 से 3 घंटे में 200 फीट तक बोरिंग कर सकती है।

### खेलते समय 200 फीट गहरे बोरवेल में गिरा था



बच्चे के पिता मनजीत सिंह ने बताया कि उसके पिता करनैल सिंह सुबह खेतों में काम करने गए थे। मनजीत सुबह 6.30 बजे अपने पिता करनैल सिंह के लिए रोटी लेकर गया था। तब निरवैर ने भी पिता के साथ खेतों में जाने की जिद की थी। तब पिता ने उसे भी साथ ले लिया। मनजीत ने बताया कि वह खेत में जाकर काम करने लगे जबकि उसके पिता रोटी खाने लग गए। उस समय निरवैर भी दादा के पास ही बैठा हुआ था। मनजीत ने बताया कि कुछ देर में वो खेलने लगा। खेलते-खेलते वो कुछ दूरी पर चला गया। वहां खुले बोरवेल में निरवैर उसमें मिट्टी फेंकने लगा। बोरवेल के पास मिट्टी भी गीली थी। इसी दौरान पांव फिसलकर वह बोरवेल में ही गिर गया।

### कांटा भी नहीं हुआ सफल



दोपहर में करीब डेढ़ बजे बचाव टीम ने स्पेशल कांटा तैयार करवाया गया। कांटा-कुंडी बोरवेल में डाला गया। कुछ देर प्रयास करने के बावजूद इसमें बच्चे का कपड़ा नहीं फंसा। अब नए सिरे से नए विकल्पों पर काम किया जा रहा है। बोरवेल से पानी निकालने के विकल्प पर भी काम हो रहा है हालांकि ये इतना असान नहीं है। बोरवेल में 60 फीट के बाद से ही पानी भरा है। इसके अलावा नीचे भी पानी आ रहा है। जांच टीम के एक सदस्य ने बताया कि कोशिश यही है कि कांटा-कुंडी से बच्चे को ऊपर खींचा जाए।



हल्दिया। नेफ्था सप्लाई करने वाली पाइपलाइन में लगी आग बुझाते हुए।

**पश्चिम बंगाल के हल्दिया के पास हादसा**

# पेट्रोकेमिकल्स की पाइपलाइन में आग, 17 झुलसे, 2 गंभीर

एजेंसी ▶▶| हल्दिया

पश्चिम बंगाल के हल्दिया में सोमवार देर रात 2:45 बजे नेफ्था सप्लाई करने वाली पाइपलाइन में ब्लास्ट के बाद आग गई। इसकी चपेट में हल्दिया नगर पालिका के वार्ड-13 के चिरंजीबपुर इलाके के कई घर आ गए।

घटना में 17 लोग झुलस गए। पुलिस के मुताबिक, सभी पीड़ितों को हल्दिया सब-डिविजनल अस्पताल में एडमिट कराया गया। 5 को तमलुक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल रेफर किया गया। इनमें से 2 लोगों की हालत गंभीर है। आग बुझाने में 12 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां जुटी हुई हैं। अधिकारियों ने बताया कि आग सबसे पहले हल्दिया पेट्रोकेमिकल्स की नेफ्था पाइपलाइन में दिखी। कुछ ही देर में आग आसपास के रिहायशी इलाके तक फैल गई। साउथ रेलवे के मुताबिक जहां आग लगी उसके पास से हल्दिया और दुर्गाचक लाइन गुजरी है। फिलहाल ट्रेन सर्विस रोकी गई है।

***पास से गुजरी रेलवे लाइन पर भी असर ट्रेन सर्विस प्रभावित***

# मुंबई में चलती स्कूल बस पर पेड़ गिरा, छात्र की मौत

## 11 घायल, सभी स्टूडेंट स्कूल से घर लौट रहे थे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई के चेंबूर इलाके में मंगलवार दोपहर प्राइवेट स्कूल बस पर एक पेड़ गिर गया। बस में कुल 12 स्टूडेंट थे। उनमें से 11 का रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती कराया गया।



वहीं बस में फंसे 11 साल के छात्र विहान श्रीवास्तव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। स्कूल की छुट्टी के बाद प्राइवेट बस रोज की तरह बच्चों को उनके घर छोड़ने जा रही थी। तभी रोड नंबर 11 पर सड़क किनारे लगे पेड़ की बड़ी डालियां बस की छत पर आ गिरीं, जिससे बस का अगला और बीच का हिस्सा बुरी तरह दब गया। पेड़ गिरते ही बस के अंदर मौजूद बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग बस के पास पहुंचे। स्थानीय लोगों, पुलिस और फायर ब्रिगेड ने घायल बच्चों को बस से बाहर निकाला। मशीनों और कटर की मदद से पेड़ को काटा गया।

**पंजाब के फतेहगढ़ साहिब का मामला**

# बेड में महिला की लाश रख रेहड़ी पर ले जाते दो पकड़े

**फतेहगढ़ साहिब।** पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में बेड के बॉक्स में महिला की लाश मिली। कचहरी के पास जुगाड़ रेहड़ी में ले जाए जा रहे बेड पर लोगों को शक हुआ तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बेड खोलकर देखा तो उसमें महिला का शव मिला। पुलिस ने एक महिला और एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। वहीं मामले में एक अन्य व्यक्ति के फरार होने की सूचना है, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए स्थानीय सिविल अस्पताल भेज दिया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई और शव को बॉक्स बेड में रखकर कहां ले जाया जा रहा था। मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि पूरे घटनाक्रम का पता चल सके। डीएसपी बिक्रमजीत सिंह घुम्मन ने बताया कि महिला की पहचान, मौत के वास्तविक कारण और हत्या या किसी साजिश की पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



**लोगों ने शक पर पुलिस को दी थी सूचना**

**सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली जा रही पुलिस**

**फरार साथी की तलाश**

# पंजाब में मां ने 3 बच्चे नहर में फेंके, फिर खुद भी कूदी

## महिला को सुरक्षित निकाला, दो शव बरामद

एजेंसी ▶▶| मोहाली

पंजाब के मोहाली के मटौर गांव की एक मां शकुंतला देवी पर अपपने तीन मासूम बच्चों को भाखड़ा नहर में फेंक दिया। इसके बाद खुद भी आत्महत्या करने के लिए नहर में छलांग लगा दी। इस घटना में तीनों बच्चों की मौत गई। इनमें से 2 बच्चों के शव गोताखोरों ने बरामद कर लिए हैं। जबकि, एक बच्चे की तलाश जारी है। वहीं, नहर के पास से मंगलवार को पुलिस ने महिला को जिंदा पकड़ लिया। वह डूबी नहीं और तैर कर किनारे पर आ गई थी। बताया जा रहा है कि महिला केवल नहर में कूदकर आत्महत्या करने के लिए ही मोहाली से रोपड़ आई थी। पुलिस जांच कर रही है।

### मोहाली के मटौर की रहने वाली है महिला

आरोपी की पहचान शकुंतला उर्फ सुमन के रूप में हुई है। वह मोहाली के मटौर की रहने वाली है। उसने अपने तीनों बच्चों 10 वर्षीय तपिश, 7 वर्षीय तनवी और 4 वर्षीय नितिन की हत्या कर दी। बच्चों के दादा रामबाबू ने कहाकि पुलिस ने शकुंतला के मोबाइल की लोकेशन से उसका पता निकाला। लोकेशन रोपड़ में दिखी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और नहर के किनारे से ही शकुंतला को गिरफ्तार कर लिया।



# भारत फिर बना दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा शेयर बाजार, अब ताइवान-कोरिया पीछे

## भारतीय शेयर बाजार का मार्केट कैप 5 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंचा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया भर में जारी भारी उथल-पुथल और मंदी के माहौल के बीच भारतीय शेयर बाजार ने एक बार फिर दुनिया भर में अपनी ताकत का लोहा मनवाया है। भारतीय शेयर बाजार का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन 5 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 5,000 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। इसके साथ ही भारत ने ताइवान और साउथ कोरिया को पीछे छोड़कर दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा इक्विटी मार्केट बनने का मुकाम फिर हासिल कर लिया है। भारत के शेयर बाजार का कुल मार्केट कैप अब 5 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा हो गया है। इसके साथ ही भारत ने एक बार फिर दुनिया के पांचवें सबसे बड़े इक्विटी मार्केट की जगह हासिल कर ली है। ताइवान का मार्केट कैप इस समय 4.97 ट्रिलियन डॉलर और साउथ कोरिया का 4.66 ट्रिलियन डॉलर है। वहीं अमेरिका और चीन के मार्केट कैप में इस दौरान ज्यादा बदलाव नहीं देखा गया।

### ताइवान और साउथ कोरिया क्यों पिछड़े?

पिछले कुछ महीनों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई और सेमीकंडक्टर कंपनियों के शेयरों में तेज तेजी आई थी। इसके बाद ताइवान और साउथ कोरिया के बाजार में निवेशकों ने मुनाफा वसूला, जिससे वहां बाजार की वैल्यू में गिरावट आई। इसी वजह से दोनों देशों की रैंकिंग नीचे आ गई और भारत फिर पांचवें स्थान पर पहुंच गया।



### जून में भारत ने दुनिया के कई बाजारों को छोड़ा पीछे

जून के दौरान भारत के शेयर बाजार का मार्केट कैप 2.75 फीसदी बढ़ा। वहीं साउथ कोरिया में 4.7 फीसदी और ताइवान में 2.3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा जापान का मार्केट कैप करीब 1 फीसदी, हांगकांग 8.3 फीसदी से ज्यादा, कनाडा 3 फीसदी, ब्रिटेन करीब 2 फीसदी, फ्रांस 1.1 फीसदी और जर्मनी 5.6 फीसदी गिर गया। यानी इस महीने भारत का बाजार दुनिया के कई बड़े बाजारों से बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहा।

### भारतीय बाजार क्यों बना रहा मजबूत?

मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, शेयरों की बेहतर वैल्यू और विदेशी निवेशकों की लगातार दिलचस्पी ने भारतीय बाजार को मजबूती दी है। इसके साथ ही निफ्टी का प्राइस टू अर्निंग यानी पी/ई रेशियो भी पहले करीब 24 था, जो अब घटकर करीब 18 पर आ गया है।

## रुपया 14 पैसे कमजोर होकर 94.65 प्रति डॉलर

**मुंबई।** रुपया मंगलवार को 14 पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.65 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि मासान्त अंत की आयातकों और कंपनियों की डॉलर मांग से घरेलू मुद्रा पर दबाव है और वैश्विक बाजार में जोखिम न लेने की निवेशकों की प्रवृत्ति के कारण रुपये में गिरावट आई है।


**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है विभिन्न फसलों के गार्ड सैम्पलों की नीलामी दिनांक 03.07.2026 को सुबह 11:00 बजे मुख्य बीज प्रमाणीकरण अधिकारी, एचआर सीड सैक्टर-14 पी, नजदीक बी.एस.एन.एल. कालोनी, हिसार के कार्यालय में होनी निश्चित हुई है। अतः इच्छुक व्यक्ति नियत समय व स्थान पर पहुचें।

हस्ता/-मुख्य बीज प्रमाणीकरण अधिकारी, हिसार


## जीएसटीएटी की शुरुआत पिछले वर्ष सितंबर में हुई थी

# सरकार ने जीएसटीएटी में अपील दाखिल करने की समयसीमा 31 जुलाई तक बढ़ाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने माल एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) में अपील दाखिल करने की अंतिम तिथि मंगलवार को एक महीने बढ़ाकर 31 जुलाई, 2026 कर दी। जीएसटीएटी की शुरुआत पिछले वर्ष सितंबर में हुई थी। इसके बाद सरकार ने जीएसटीएटी में अपील दाखिल करने की अंतिम तिथि 30 जून, 2026 तय की थी।

वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा, ''सरकार ने माल एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) में अपील दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई, 2026 कर दी है।'' मंत्रालय ने बताया कि विभिन्न हितधारकों के अनुरोधों के बाद यह निर्णय लिया गया।

### एक दिन में सर्वाधिक 5,500 अपीलें दर्ज

*इन अनुरोधों में कहा गया था कि जीएसटीएटी मंच पर अत्यधिक दबाव के कारण अपील दाखिल करने में तकनीकी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 15 दिनों में ही 30,000 अपीलें दाखिल की गईं, जबकि एक दिन में सर्वाधिक 5,500 अपीलें दर्ज की गईं।*

### करदाता अंतिम समय तक इंतजार न करें

*मंत्रालय ने करदाताओं को सलाह दी कि वे अंतिम समय तक इंतजार न करें और समय रहते अपनी अपील दाखिल कर दें। सरकार अब तक जीएसटीएटी की 31 राज्य पीठों और दिल्ली स्थित एक प्रधान पीठ को अधिसूचित कर चुकी है।*

### अपील दायर करने की अंतिम तिथि एक महीने बढ़ाई

*» अपील दायर करने की अंतिम तिथि 30 जून 2026 तय की थी*

*» हितधारकों के अनुरोधों के बाद यह निर्णय लिया गया*




### प्राधिकरण के पास 4.80 लाख से अधिक मामले लंबित

*फिलहाल अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष 4.80 लाख से अधिक मामले लंबित हैं और इन सभी के जीएसटीएटी में आने की उम्मीद है। सरकार ने मई 2024 में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) संजय कुमार मिश्रा को जीएसटीएटी की प्रधान पीठ का अध्यक्ष नियुक्त किया था।*

### व्यवस्था में सुचारू बदलाव सुनिश्चित होगा

*केपीएमजी में अप्रत्यक्ष कर प्रमुख एवं साझेदार अभिषेक जैन ने कहा, '' समयसीमा बढ़ने से करदाताओं और पेशेवरों को नए जीएसटीएटी तंत्र के अनुरूप खुद को ढालने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। इससे वास्तविक अपीलें समयसीमा के कारण खारिज होने से बचेंगी और जीएसटीएटी व्यवस्था में सुचारु बदलाव सुनिश्चित होगा।''*

### मामलों के समाधान में देरी होती थी

*एक जुलाई, 2017 को जीएसटी लागू होने के बाद करदाताओं और जीएसटी विभाग के बीच सभी विवादों का निपटारा उच्च न्यायालयों या उच्चतम न्यायालय में होता था, जिससे मामलों के समाधान में देरी होती थी। सितंबर 2025 में जीएसटीएटी का संचालन शुरू होने के बाद विवादों के निपटारे की प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद बनी है।*

### सरकार का यह फैसला व्यवहारिक

*एएमआरजी ग्लोबल के प्रबंध साझेदार रजत मोहन ने कहा कि सरकार का यह फैसला व्यावहारिक है और जीएसटीएटी के पूर्ण रूप से कामकाज शुरू होने तक करदाताओं के अपील करने के अधिकार की रक्षा करता है। उन्होंने कहा, ''अतिरिक्त समय से काफी राहत मिलेगी, लेकिन करदाताओं को अंतिम तिथि तक इंतजार नहीं करना चाहिए।''*

## कोल इंडिया शोध व विकास पर 1900 करोड़ रुपये करेगी खर्च

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) खदानों की उत्पादकता बढ़ाने और उत्सर्जन घटाने के उद्देश्य से वित्त वर्ष 2029-30 तक शोध एवं विकास (आरएंडडी) गतिविधियों पर करीब 1,900 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने मंगलवार को कहा कि इस पहल के तहत वह स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकियों का व्यावसायीकरण करने और बदलते ऊर्जा परिदृश्य के अनुरूप वैकल्पिक ऊर्जा क्षेत्रों की भी तलाश करेगी। बीएसई को दी सूचना के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय कोयला एवं ऊर्जा अनुसंधान केंद्र की स्थापना के साथ उसकी आरएंडडी गतिविधियों को गति मिली है।

## जेएफई स्टील ने जेएसडब्ल्यू जेएफई में हिस्सेदारी खरीदी

**नई दिल्ली।** इस्पात कंपनी जेएफई स्टील कॉरपोरेशन ने 7,875 करोड़ रुपये में जेएसडब्ल्यू जेएफई कलिंगा में 25 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीद ली है। जेएसडब्ल्यू स्टील ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह सौदा पूरी तरह संपन्न हो गया है। इसके साथ ही जेएफई की जेएसडब्ल्यू जेएफई कलिंगा में हिस्सेदारी बढ़कर 50 प्रतिशत हो गई है। जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा कि 30 मार्च, 2026 को उसने जानकारी दी थी कि जेएफई स्टील ने जेएफई कलिंगा स्टील लिमिटेड में निवेश के पहले चरण के तहत 7,875 करोड़ रुपये का निवेश किया था।


pfrda
**पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण**
**PENSION FUND REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY**
ई-500, टॉवर-ई, 5वीं मंज़िल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029

**पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (PFRDA) में संविदा आधार पर विधि सलाहकार की नियुक्ति**

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) एक वैधानिक नियामक संस्था है, जिसकी स्थापना भारत की संसद द्वारा पारित पीएफआरडीए अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 23, 2013) के अंतर्गत की गई है। यह भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अधीन कार्यरत है तथा भारत में पेंशन क्षेत्र के संवर्धन, विकास एवं विनियमन का दायित्व निभाता है।

पीएफआरडीए, विधि सलाहकार के पद हेतु पूर्णतः संविदा आधार पर आवेदन आमंत्रित करता है। नियुक्ति प्रारंभिक रूप से दो (02) वर्ष की अवधि के लिए होगी तथा इस पद हेतु ₹3 लाख प्रति माह का समेकित पारिश्रमिक/मानदेय देय होगा।

उक्त पद हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव तथा नियुक्ति की शर्तों एवं नियमों का विवरण (PFRDA) की वेबसाइट www.pfrda.org.in. पर उपलब्ध है।

निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 23.07.2026 तक है। प्राधिकरण अपने विवेकानुसार किसी भी चरण पर इस चयन प्रक्रिया में संशोधन, निरस्तीकरण अथवा समाप्ति का अधिकार रखता है।

महाप्रबंधक
(मानव संसाधन)



**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदाकार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी।

**निविदा संख्या:** NR-Pr-UMB-EL-GR-254/G-02. **कार्य का नाम:**– ''उत्तर रेलवे के गोहाना रेलवे स्टेशन पर स्थित टाइप-III (06 इकाई) एवं टाइप IV (02 इकाई) रेलवे आवासों तथा गोहाना, झज्जर एवं रोहतक रेलवे स्टेशनों पर स्थित 02 संख्या OHE/PSI डिपो एवं 03 संख्या टॉवर वैगन शेडों के विद्युतीकरण के शेष कार्य।''

| लगभग लागत (रु.) | धरोहर राशि (रु.) | कार्य पूरा करने की अवधि (महीने) |
|---|---|---|
| Rs. 25,84,370.00 | Rs. 51,700/- | 12 |
| **निविदा बंद की तिथि** | **निविदा खुलने की तिथि** | **निविदा दस्तावेज की लागत (रु.)** |
| 27.07.2026 at 15:00 Hrs. | 27.07.2026 at 15:30 Hrs. | Nil |

निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई-टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि/धरोहर राशि जमा (Bid security) और निविदा दस्तावेज लागत (TDC) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आईआरईपीएस) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन तक संभावित पंजीकृत निविदाकर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी। **नोट:** तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं।

**निविदा सूचना क्रमांक: NR/Proj/UMB/RC/Advt./02 तारीख: 25.06.2026 2231/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


*ब्याज दरों में लगातार नौवीं तिमाही में कोई बदलाव नहीं*

# लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में फिर कोई बदलाव नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) और नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट (एनएससी) जैसी विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। एक जुलाई, 2026 से शुरू होने वाली चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के लिए दरों को यथावत रखा गया है। यह लगातार नौवीं तिमाही है जब इन दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, /''वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही (एक जुलाई 2026 से



30 सितंबर 2026 तक) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें वही रहेंगी, जो चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए अधिसूचित की गई थीं। अधिसूचना के मुताबिक, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलता रहेगा, जबकि तीन साल की सावधि जमा पर ब्याज दर 7.1 प्रतिशत पर बरकरार रखी गई है।

# सरकार ने पेट्रोरसायन आयात पर शुल्क छूट 15 जुलाई तक बढ़ाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति की निरंतरता और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए 40 महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों के आयात पर शून्य सीमा शुल्क छूट की अवधि 15 दिन बढ़ाकर 15 जुलाई तक कर दी है। सरकार ने दो अप्रैल को महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों के आयात पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट दी थी। यह अस्थायी और लक्षित राहत 30 जून को समाप्त होने वाली थी। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दो अप्रैल को दी गई छूट का मकसद घरेलू बाजार में पेट्रोरसायन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना था, क्योंकि भारतीय पेट्रोलियम कंपनियों से इस दौरान एलपीजी के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करने को कहा गया था। स्थिति के धीरे-धीरे सामान्य होने के साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में बदलाव को सुचारू और बिना किसी रुकावट के सुनिश्चित करने के मकसद से इस छूट को 15 दिन की और अवधि के लिए, यानी 15 जुलाई, 2026 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। आयात शुल्क में यह छूट मेथनॉल, एनहाइड्रस अमोनिया, टोल्यूनि, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमीथेन (मेथिलीन क्लोराइड), विनाइल क्लोराइड मोनोमर, पॉली ब्यूटाडाइन, स्टाइरीन ब्यूटाडाइन और अनसैचुरेटेड पॉलिएस्टर रेजिन में दी गई है। मंत्रालय ने कहा, ''सरकार भारत के विनिर्माण क्षेत्र को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है।''


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.न. 104 दिनांक 25.06.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना मोहाना जिला सोनीपत ।

**गुमशुदा की पहचान**
नाम - दिंपाशु राणा ।
पिता का नाम जगमेन्द्र ।
पता - वासी गांव गढ़ी हकीकत जिला सोनीपत ।
उम्र 21 वर्ष ।
कद 5 फुट 8 ईन्च ।
हुलिया- रंग गेंहुआ, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखें, लम्बी नाक, हष्ट-पुष्ट शरीर हैं।
पहनावा - मेंहन्दी रंग की शर्ट, नीले रंग की जीन्स व पैरों में सफेद रंग के जूते पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि 24.06.2026 को दिंपाशु राणा पुत्र जगमेन्द्र वासी गांव गढ़ी हकीकत जिला सोनीपत बिना किसी को बताए अपने घर से कहीं चला गया है। अब तक वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना 7419410543
अनुसंधानकर्ता मो0 नं०. - 9466446655
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेखअधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/4976/2027/46651/88/6 दि. 30.06.2026


## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 250 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), पेट्रोलियम एवं गैस तथा चुनिंदा बैंकिंग शेयरों में बिकवाली के बीच अमेरिका-ईरान के बीच दोहा में होने वाली वार्ता के अगले दौर को लेकर अनिश्चितता से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती बढ़त गंवाते हुए 249.70 अंक यानी 0.33 प्रतिशत टूटकर 76,478.67 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 398.98 अंक यानी 0.51 प्रतिशत टूटकर 76,329.39 अंक तक आ गया था। एनएसई




निफ्टी भी 80.50 अंक यानी 0.34 प्रतिशत फिसलकर 23,865.75 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की ताजा बिकवाली तथा प्रमुख आईटी कंपनियों के शेयरों में कमजोरी से बाजार की धारणा प्रभावित हुई। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर सबसे अधिक नुकसान में रहे।

# सोना 800 रुपये हुआ सस्ता चांदी 6,000 महंगी

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में कम मांग के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 800 रुपये घटकर 1.45 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के 1,46,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 800 रुपये घटकर 1,45,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। हालांकि, चांदी में जोरदार वापसी हुई और लगातार चार सत्रों की गिरावट का सिलसिला टूट गया। इसकी कीमत 6,000 रुपये बढ़कर 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,24,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। विश्लेषकों का कहना है कि घरेलू बाजार में सोना दबाव में रहा, जबकि हालिया गिरावट के बाद चांदी में कम कीमत पर लिवाली देखी गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 4,021.15 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। जबकि चांदी लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 58.81 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

## शब्द पहेली - 6273



**बाएँ से दाए-**
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट, शर्ट-3
6. लाख, गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान, रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा, उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष, बरस-2
18. लय, स्वर-2
19. गदर, बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर, घमंड-4
24. राजा, सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ, फिजूल-3
28. चतुर्थ, चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत, जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर, थाती-4
15. तरंग, हिलोर-3
16. निरंकुश, मुंहजोर-4
17. किनारा, तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया, जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान, शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर, भगवान-2
28. प्रेम, लगन-2


**शब्द पहेली -6272 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बं | दा | न | वा | ज | | आ | स | मा | न |
| न | दी | | र | | ल | बा | दा | | र | जा |
| व | | ज | म | ज | म | | ब | री | | क |
| जी | म | ना | | | ह | ठ | | ता | क | त |
| व | | चा | | जे | ल | | पे | | ता | |
| न | ग | र | से | ठ | | फ | ट | का | र | ना |
| | री | | ना | | स | ना | | रो | | म |
| सु | ब | ह | | दा | म | | | बा | री | क |
| र | | क | श | | झ | न | का | र | | र |
| ता | प | | प | र | दा | | म | | क | ण |
| ल | थ | प | थ | | र | च | ना | का | र | |



**खबर संक्षेप**

## विकसित भारत की यात्रा में क्षेत्रीय उद्योग अहम



**वडोदरा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वडोदरा में कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में क्षेत्रीय उद्योगों की भागीदारी अहम है। 'विकसित भारत' केवल आर्थिक प्रगति का लक्ष्य नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से मजबूत, तकनीकी रूप से सक्षम और सामाजिक रूप से सशक्त राष्ट्र के निर्माण का संकल्प है।

## आसाराम को गंभीर हालात में जमानत देंगे



**नई दिल्ली।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल कोई राहत नहीं मिली है। शीर्ष कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर जमानत देने से इनकार कर दिया। यदि स्थिति गंभीर होती है तभी जमानत पर विचार करेंगे।

### वाराणसी रेंज के डीआईजी वैभव कृष्ण की संवेदनशील पहल

# पहली बार वाराणसी पहुंचे नक्सल प्रभावित रहे गांव के लोग, काशी की रंगत से मंत्रमुग्ध

भाषा ▶▶ वाराणसी (उप्र)

चंदौली के पांडी गांव की दर्जनों महिलाओं और बच्चों ने सोमवार को पहली बार अपने गांव की सीमाएं लांघकर शहर की दुनिया देखी। कभी नक्सल प्रभावित रहे इस गांव के लोगों ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए, शॉपिंग मॉल में घूमे और पहली बार एस्केलेटर पर कदम रखते हुए उसे अपनी बोली में 'चलने वाला सीढ़ी' नाम दिया। वाराणसी शहर से महज 80 किमी दूर होने के बावजूद इन ग्रामीणों के लिए यह किसी शहर का पहला सफर था। आज सड़क बनने के बाद यह दूरी तीन घंटे से भी कम समय में तय हो जाती है, लेकिन एक समय ऐसा भी था, जब यह सफर गांव के लोगों के लिए लगभग नामुमकिन था। दूरस्थ पांडी गांव से करीब 50 ग्रामीणों को वाराणसी भ्रमण पर लाया गया।



### ग्रामीणों ने कहा था कभी शहर नहीं देखा

वाराणसी परिक्षेत्र पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग और 'मिशन शक्ति' के तहत जब वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) वैभव कृष्ण कुछ दिन पहले पांडी गांव पहुंचे थे। इस दौरान कई महिलाओं ने काशी विश्वनाथ मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर और वाराणसी के अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन की अपनी इच्छा जताई। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कभी शहर नहीं देखा। सोमवार को उनकी यह इच्छा पूरी हो गई। पुलिस की बस से ग्रामीणों ने काशी विश्वनाथ मंदिर, विशालाक्षी देवी मंदिर, दुर्गा कुंड मंदिर और संकट मोचन हनुमान मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद पुलिस ने उनके लिए जलपान की व्यवस्था की और फिर सभी को जेएचवी मॉल ले जाया गया, जहां उन्होंने पहली बार आधुनिक शहरी जीवन को करीब से देखा। जगमगाती दुकानें, वातानुकूलित परिसर और सबसे ज्यादा एस्केलेटर ने सभी का ध्यान खींचा।

### कई ग्रामीण आश्चर्य से भरे दिखे

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कई ग्रामीण आश्चर्य से उसे देखते रहे और फिर सावधानी से उस पर कदम रखा। कुछ ने मुस्कुराते हुए उसे 'चलने वाली सीढ़ी' नाम दिया। नौगढ़ के पुलिस क्षेत्राधिकारी नामेंद्र कुमार ने बताया कि 2019-20 के दौरान जनपद को नक्सल प्रभाव से मुक्त घोषित कर दिया गया था। काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के बाद विमला देवी ने कहा कि मैं पहली बार किसी शहर में आई हूं। बहुत अच्छा लगा। पुष्पा ने कहा, "गांव तो अच्छा लगता है, लेकिन यह शहर बहुत बड़ा है।"कलावती ने बताया कि उनके गांव से करीब 50 लोग इस यात्रा पर आए थे। बारहवीं तक पढ़ी पुनिता कुमारी ने कहा कि मैं हमेशा जानना चाहती थी कि शहर कैसा होता है। आज बनारस और मंदिरों के दर्शन करके बहुत अच्छा लग रहा है।

### डीआईजी बोले अभी शुरूआत

सुनीता ने मुस्कुराते हुए कहा कि आज बहुत कुछ नया देखा, जो पहले कभी नहीं देखा था।"समूह में शामिल राम सकल ने कहा कि कभी उनका इलाका नक्सल प्रभावित था, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। उन्होंने कहा, "काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा करना बहुत अच्छा अनुभव रहा। शहर तो शहर होता है गांव से उसकी क्या तुलना?"मीडिया से बात करते समय झिझक रहे ग्रामीण मंदिर परिसर में पहुंचते ही उत्साह से भर उठे। 'हर-हर महादेव' के जयकारों का उन्होंने पूरे जोश के साथ हाथ उठाकर जवाब दिया। डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा कि यह पहल 'मिशन शक्ति' के तहत शुरू की गई है। उन्होंने कहा, "हमारा उद्देश्य उन महिलाओं और बच्चों को शहरी जीवन से परिचित कराना था, जिन्होंने कभी शहर नहीं देखा।

### 23 दलों ,1 निर्दलीय सांसद ने लिखा पत्र

# सीजेआई ने कहा- एसआईआर वैध, आपत्तियों को किया खारिज





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

23 राजनीतिक दलों और एक निर्दलीय सांसद ने भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत को एक संयुक्त पत्र भेजा है। यह पत्र निर्वाचन आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया और चुनाव संबंधी अन्य मुद्दों पर है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने 'एक्स' पर यह जानकारी दी।

इस पत्र में न्यायपालिका से हस्तक्षेप की मांग की है। विपक्षी गठबंधन ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए और आरोप लगाया कि चुनाव नतीजों को प्रभावित किया जा रहा है। रमेश ने बताया कि 21 विपक्षी राजनीतिक दलों और एक निर्दलीय सांसद ने 8 जून को हुई विपक्षी गठबंधन की बैठक में भाग लिया था।

### एसआईआर प्रक्रिया और विवाद

आयोग ने लगभग एक साल पहले मतदाता सूचियों के सत्यापन के लिए एसआईआर प्रक्रिया शुरू की थी। इसका उद्देश्य मतदाता सूचियों को सही करना है। चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को मजबूत करना भी इसका लक्ष्य है। बिहार में विधानसभा चुनावों से पहले इसका एक पायलट चरण शुरू हुआ था। देश भर में मतदाता सूचियों से करीब छह करोड़ नाम हटाए गए हैं। यह पुनरीक्षण प्रक्रिया अभी भी 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जारी है। बिहार में अकेले 65 लाख नाम मतदाता सूचियों से हटाए गए थे। विपक्ष के नेताओं ने एसआईआर प्रक्रिया का विरोध किया है।

## बांग्लादेश में पुजारी का अपहरण

### फिरौती मिलने पर सड़क पर बेहोशी की हालत में छोड़ा

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदूओं के खिलाफ हिंसा का दौर प्रधानमंत्री तारिक रहमान की सरकार के दौर में भी जारी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश की राजधानी ढाका में कानून की पढ़ाई करने वाले हिंदू छात्र, जो मंदिर के पुजारी का काम भी करते हैं, उनका अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर अपहरण कर लिया, उन्हें बंधक बनाया और उनके साथ मारपीट की। अपहरणकर्ताओं ने उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, उनके कपड़े उतरवाए और फिरौती की रकम का इंतजाम करने के लिए परिवार और दोस्तों को फोन करने पर मजबूर किया। पीड़ित की पहचान जगन्नाथ यूनिवर्सिटी में कानून के छात्र 25 वर्षीय सुभाष देउरी के तौर पर हुई है। सोमवार देर रात अज्ञात लोगों के एक ग्रुप ने उन्हें निशाना बनाया और पैसे की मांग की। यह तुरंत साफ नहीं हो पाया कि देउरी को धार्मिक पहचान के कारण निशाना बनाया गया था या नहीं।

### सचिवों के साथ की मैराथन बैठक

## मोदी ने किया ईज ऑफ लिविंग और आत्मनिर्भरता पर महामंथन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने'सेवा तीर्थ' में केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ एक हाई लेवल बैठक की। बैठक में दो मुख्य विषयों पर बातचीत की गई। पहला विषय था 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' (कारोबार में आसानी) और 'ईज ऑफ लिविंग' (जीवन यापन में आसानी) के लिए नियमों में ढील और अन्य सुधार जबकि दूसरा विषय था 'आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना'।

### कामों की जानकारी दी

पीएम से बातचीत के दौरान, सचिवों ने इन दो मुख्य विषयों के अनुरूप अपने मंत्रालयों और विभागों द्वारा उठाए जा रहे अहम कदमों के बारे में बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री के विजन को ठोस नतीजों में बदलने के लिए चल रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला, साथ ही सेक्टर-खास चुनौतियों पर चर्चा की और गवर्नेंस व सर्विस डिलीवरी को बेहतर बनाने के लिए अपनी भविष्य की रणनीतियों की रूपरेखा भी बताई।

## ईरान बोला- हम फंसे हुए पैसे लेने के लिए दोहा जा रहे, अब अमेरिका से कोई बातचीत नहीं होगी

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका और ईरान के बीच 17 जून को हुए समझौता ज्ञापन को लागू करने की कोशिशों के बीच दोनों देशों की टीमें कतर की राजधानी दोहा पहुंच रही हैं। हालांकि ईरान ने साफ कर दिया है कि उनका डेलिगेशन अमेरिका से सीधी बातचीत नहीं करेगा। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल ने कहा कि उनका मकसद अभी विदेशों में फंसी फ्रीज्ड फंड जारी कराना है। जब तक इस दिशा में काम नहीं होगा, तब तक वह शांति समझौते पर आगे बातचीत नहीं होगी। वहीं अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर भी दोहा पहुंच चुके हैं। अमेरिका-ईरान के प्रतिनिधिमंडल आमने-सामने नहीं बैठेंगे।

### मोदी की ईरानी राष्ट्रपति से बात मिडिल ईस्ट में शांति पर जोर

ईरान-अमेरिका के बीच सीजफायर के बाद पीम मोदी ने मंगलवार को पहली बार ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान से फोन पर बात की। यह दोनों नेताओं के बीच संघर्षविराम के बाद पहली बातचीत थी। बातचीत के दौरान पेजेश्कियान ने मोदी को पश्चिम एशिया की ताजा स्थिति और आगे की रणनीति से अवगत कराया। मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति से बातचीत में पश्चिम एशिया में हुए इस संघर्षविराम का स्वागत किया। सभी मुद्दों का समाधान केवल संवाद और कूटनीति से संभव है। भारत लंबे समय से चले आ रहे रुख को दोहराते हुए कहा कि क्षेत्र में स्थायी शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए सभी पक्षों को बातचीत का रास्ता अपनाना चाहिए।

## अमरनाथ यात्रा में बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहा पाकिस्तान?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आगामी अमरनाथ यात्रा को लेकर भारतीय खुफिया एजेंसियों ने सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। एजेंसियों का कहना है कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में बिगड़ते हालात से ध्यान भटकाने के लिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई अमरनाथ यात्रा के दौरान किसी बड़े आतंकी हमले को अंजाम देने की कोशिश कर सकती है। इस साल अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होने जा रही है।

खुफिया अधिकारियों के अनुसार, पाकिस्तान के लिए इस समय पीओके, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान की स्थिति बड़ी चुनौती बनी हुई है। खासकर पीओके में जारी विरोध प्रदर्शनों ने इस्लामाबाद की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अधिकारियों का दावा है कि हाल ही में अफगानिस्तान में पाकिस्तान द्वारा किया गया हवाई हमला भी अंदरूनी दबाव से ध्यान भटकाने की कोशिश का हिस्सा था। इस हवाई हमले में 35 लोगों की मौत हुई। भारतीय एजेंसियों के मुताबिक, इंटरसेप्ट किए गए कुछ इनपुट से संकेत मिले हैं कि पाकिस्तान भारत में भी आतंकी हमले की साजिश रच रहा है।

### अमरनाथ यात्रा कल से होगी शुरू, 55 हजार श्रद्धालुओं के 'ठहरने' की पुख्ता व्यवस्था

**जम्मू।** वार्षिक अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने कमर कस ली है। मंगलवार को प्रशासन ने बताया कि यात्रा के लिए अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ करीब 55,000 तीर्थयात्रियों के ठहरने का व्यापक इंतजाम किया गया है। बाबा बर्फानी के भक्तों का पहला जत्था 2 जुलाई को सुबह 4 बजे जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर (बेस कैंप) से रवाना होगा, जिसे श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा हरी झंडी दिखाएंगे।





खरीदी जाने वाली भूमि का विवरण निम्न प्रकार से है:-

| चिन्हित क्षेत्र/ जिला/कस्बा | राजस्व गांव | क्षेत्रफल (एकड़ में) |
|---|---|---|
| फर्रुखनगर | मुबारिकपुर, फर्रुखनगर और सुल्तानपुर | 1203.52 |
| रायपुररानी | रायपुररानी, छोटा बडौना /बडौना खुर्द | 437.10 |
| कैथल | पटी चौधरी, पटी अफगान, पटी कायस्थ सेठ, पती गादड, जंगदीशपुरा, शेरगढ़, डयौड खेडी | 3961.01 |
| नूहं | नूहं, जाखोपुर, खेरला और नल्हड़, डूंडाहेरी, फिरोजपुर नमक और सालाहेरी | 1197.61 |
| हिसार | बीड़ हिसार | 789.91 |
| बरवाला | बरवाला | 672.06 |
| टोहाना | टोहाना | 1968.90 |
| डबवाली | डबवाली, नई डबवाली | 380.00 |
| सोनीपत | गढ़ शहजानपुर, रायपुर, फाजिलपुर, जवाहरी, सोनीपत पट्टी मुस्लमान, रेवली, देवडू, मुरथल, बैयांपुर, बंदेपुर, हरसाना कलां, लहराड़ा, राठधाना, शादीपुर, अहमदपुर, सुल्तानपुर, जोशी जाट, लिवान, अकबरपुर बारोटा, जठेड़ी, प्रीतमपुरा, नांगल कंलां, अटेरना, रसोई, बढ़ खालसा, पतला, जाखौली, अस्सावरपुर, खेवड़ा, खटकड़, सेरसा, सेवली, बहालगढ़, जौशी चौहान, दिपालपुर, हसामाबाद, किशोरा, मुरशदपुर, कमासपुर, नांगल खुर्द, हसनपुर, सोनीपत पट्टी जाटान, जांटी कलां | 18102.11 |
| आरोग्य धाम बाढ़सा | बाढ़सा, मुंडाखेड़ा, देवर खाना | 2046.82 |
| बेरी | बेरीदोपाना, वज़ीरपुर | 669.42 |
| महम | महम, भैणी महाराजपुर, खेड़ी महम | 1246.52 |
| मडलौडा | मडलौडा, महायुदिनापुर, थिराना, भालसी | 344.37 |

समय सीमा - समय सीमा - उक्त क्षेत्रों के इच्छुक भू-मालिक/भू-संग्राहक ई-भूमि वेबसाइट ebhoomi.jamabandi.nic.in पर जा सकते हैं और उदेश्य के लिए अपनी भूमि की पेशकश करने के लिए अपनी रूचि प्रस्तुत कर सकते हैं। भू-मालिक/भू-संग्राहक से रुचि/ प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए ई-भूमि पोर्टल 31.08.2026 (2 महीने) तक खुला है।

अधिक जानकारी के लिए
ई-भूमि वेबसाइट पर जाएं
http://www.hsvphry.org.in

अथवा संपर्क करें
099960-74043 (गुरुग्राम, फर्रुखनगर )
096714-68933 (पंचकूला, रायपुररानी)
098125-52090 (कैथल)
086838-45145 (अंबाला, साहा)
099909-43143 (फरीदाबाद , नूहं)
094163-15365 (हिसार, बरवाला, टोहाना)
086849-84455 (सिरसा, डबवाली)
085912-49192 (सोनीपत)
094684-61232 (बहादुरगढ़ , आरोग्य धाम बाढ़सा, बेरी)
094162-88843 (रोहतक, महम)
085277-41976 (पानीपत, मडलौडा)
पर संपर्क करें
अथवा
क्यू आर कोड स्कैन करें

CLEAR INTENT - TRANSPARENT MECHANISM

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण
सी-3, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-6, पंचकूला-134109, हरियाणा
hsvphry.org.in. Hsvphry

## चिंतन

# मानसून राहत के साथ चुनौती भी

उत्तर भारत में मानसून ने आखिरकार रफ्तार पकड़ ली है। भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे करोड़ों लोगों के लिए यह राहत का संदेश है, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी मानसून अपने साथ खुशियां और संकट दोनों लेकर आया है। बंगाल की खाड़ी से जम्मू-कश्मीर तक फैली करीब 1,500 किलोमीटर लंबी मानसून ट्रफ इस बात का संकेत है कि इस बार मानसून की गति कुछ दिनों तक धीमी रही, जिससे कई राज्यों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। अब एक साथ भारी बारिश की संभावना मौसम की चरम घटनाओं की ओर इशारा करती हैं। आने वाले दिनों में उत्तर भारत में व्यापक बारिश होगी। यह बारिश खेतों के लिए अमृत साबित हो सकती है, लेकिन यदि तैयारी अधूरी रही तो यही पानी बाढ़, जलभराव और जनहानि का कारण भी बन सकता है। भारत में मानसून केवल मौसम का बदलाव नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की धुरी है। देश की लगभग 42 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है और 60 प्रतिशत से अधिक कृषि भूमि आज भी वर्षा आधारित है। समय पर और संतुलित मानसून किसानों के लिए बेहतर उत्पादन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूती और खाद्यान्न की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करता है। अच्छी फसल का सीधा असर महंगाई पर पड़ता है। मानसून जल सुरक्षा का भी सबसे बड़ा आधार है। वर्षा का पानी नदियों, झीलों, तालाबों और भूजल स्रोतों को पुनर्जीवित करता है। जलविद्युत परियोजनाओं को ऊर्जा उत्पादन के लिए पर्याप्त पानी मिलता है और पूरे वर्ष पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होती है। मानसून का दूसरा चेहरा भी उतना ही कठोर है। असम और अरुणाचल प्रदेश में बाढ़, हिमाचल प्रदेश में फ्लैश फ्लड, उत्तर प्रदेश में पेड़ गिरने से हुई मौतें और मुंबई जैसे महानगरों में जलभराव यह बताते हैं कि भारत आज भी मानसून का पूरी तरह सामना करने के लिए तैयार नहीं है। हर वर्ष एक जैसी घटनाएं दोहराई जाती हैं, लेकिन समाधान स्थायी नहीं बन पाते। शहरों में नालों की सफाई समय पर नहीं होती, अतिक्रमण के कारण प्राकृतिक जल निकासी बाधित रहती है और थोड़ी सी तेज बारिश भी पूरे शहरी तंत्र को ठप कर देती है। कृषि क्षेत्र में भी चुनौतियां कम नहीं हैं। यदि मानसून कमजोर पड़ जाए या बारिश का वितरण असमान हो तो खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित होती है। अल नीनो जैसी वैश्विक मौसमी घटनाएं कई बार सूखे की स्थिति पैदा कर देती हैं, जिससे उत्पादन घटता है और महंगाई बढ़ती है। मानसून के दौरान स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ जाते हैं। दूषित पानी से डायरिया, टाइफाइड और पीलिया जैसी बीमारियां फैलती हैं। निर्माण कार्य प्रभावित होते हैं, सड़कें टूटती हैं, यातायात बाधित होता है और उद्योगों की उत्पादन क्षमता पर भी असर पड़ता है। यानी मानसून का प्रभाव केवल खेतों तक सीमित नहीं, बल्कि देश की संपूर्ण आर्थिक गतिविधियों पर पड़ता है। ऐसे में किसानों और आमजन को भी वर्षा जल को संरक्षित करना होगा। शहरी क्षेत्रों में आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने होंगे। आपदा प्रबंधन तंत्र को केवल राहत कार्य तक सीमित न रखकर पूर्व तैयारी पर अधिक ध्यान देना होगा। मानसून प्रकृति का सबसे बड़ा उपहार है, लेकिन यह तभी वरदान बन सकता है जब उसकी प्रत्येक बूंद का सम्मान किया जाए। यदि वर्षा जल संरक्षण, वैज्ञानिक जल प्रबंधन, मजबूत शहरी अवसंरचना और प्रभावी आपदा प्रबंधन को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया जाए, तो मानसून केवल मौसम नहीं, बल्कि भारत के सतत विकास की सबसे बड़ी ताकत बन सकता है।



पुनर्जागरण
प्रणय कुमार

# भारत केवल नाम नहीं, सभ्यतागत पहचान

न्यास से जुड़े भारतीय भाषा मंच ने देशभर के विश्वविद्यालयों, शिक्षाविदों और नीति-निर्माताओं के समक्ष निरंतर यह प्रश्न रखा कि किसी भी स्वतंत्र राष्ट्र की वास्तविक पहचान उसके अपने नाम से होती है। वस्तुतः भारत केवल एक भौगोलिक सीमा या राजनीतिक व्यवस्था का नाम नहीं है। वह एक प्राचीन सभ्यता, जीवंत संस्कृति और निरंतर प्रवाहित राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। हजारों वर्षों की ज्ञान-परंपरा, दर्शन, अध्यात्म, साहित्य, विज्ञान, लोकजीवन, संघर्ष और आत्मबल ने उसकी पहचान निर्मित की है। इंडिया' से 'भारत' की यह यात्रा किसी शब्द-परिवर्तन का अभियान नहीं, बल्कि स्वत्व, स्वाभिमान, सांस्कृतिक आत्मविश्वास और सभ्यतागत पुनर्जागरण की पुनर्प्रतिष्ठा है।

देश के अनेक विश्वविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों की उपाधियों, अंकपत्रों, पत्राचार, निमंत्रण-पत्रों, साइन-बोर्डों तथा अन्य आधिकारिक अभिलेखों में 'इंडिया' के स्थान पर 'भारत' लिखने का निर्णय केवल एक प्रशासनिक परिवर्तन नहीं है। यह भारत की सांस्कृतिक चेतना, ऐतिहासिक स्मृति और राष्ट्रीय स्वाभिमान के पुनर्जागरण का उद्घोष है। यह परिवर्तन उस वैचारिक मंथन का परिणाम है, जो लंबे समय से शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रीय अस्मिता के प्रश्न पर देशभर में चल रहा है।

हाल ही में मध्य प्रदेश के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर तथा गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर ने अपने सभी आधिकारिक दस्तावेजों में 'इंडिया' के स्थान पर 'भारत' लिखने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर की कार्यपरिषद ने भी अपने आधिकारिक अभिलेखों में 'भारत' लिखने का प्रस्ताव पारित किया। 'शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास' के अनुसार मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़, गुजरात तथा महाराष्ट्र के कम-से-कम सत्रह विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों ने इस दिशा में औपचारिक संकल्प पारित किए हैं। स्पष्ट है कि यह अब किसी एक विश्वविद्यालय का निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना से प्रेरित एक व्यापक शैक्षिक अभियान का स्वरूप ग्रहण कर रहा है। इन निर्णयों के पीछे शैक्षिक क्षेत्र में सक्रिय 'शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास' की वर्षों की सतत वैचारिक साधना और संवाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। न्यास से जुड़े भारतीय भाषा मंच ने देशभर के विश्वविद्यालयों, शिक्षाविदों और नीति-निर्माताओं के समक्ष निरंतर यह प्रश्न रखा कि किसी भी स्वतंत्र राष्ट्र की वास्तविक पहचान उसके अपने नाम से होती है। वस्तुतः भारत केवल एक भौगोलिक सीमा या राजनीतिक व्यवस्था का नाम नहीं है। वह एक प्राचीन सभ्यता, जीवंत संस्कृति और निरंतर प्रवाहित राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। हजारों वर्षों की ज्ञान-परंपरा, दर्शन, अध्यात्म, साहित्य, विज्ञान, लोकजीवन, संघर्ष और आत्मबल ने उसकी पहचान निर्मित की है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि हर भाषा की अपनी प्रकृति, परंपरा और सांस्कृतिक स्मृति होती है। शब्द केवल ध्वनियां नहीं होते; वे इतिहास, भाव, मूल्य, अर्थ और पहचान के वाहक होते हैं। इसी कारण किसी व्यक्ति, स्थान अथवा राष्ट्र की संज्ञा का सामान्यतः अनुवाद नहीं किया जाता। नाम केवल संबोधन नहीं होता, बल्कि अस्तित्व और अस्मिता का प्रतीक होता है। भाषा की इसी संवेदनशीलता की उपेक्षा के कारण अंग्रेज़ीकरण की प्रवृत्ति ने अनेक विकृतियां उत्पन्न की हैं। राम का 'रामा', कृष्ण का 'कृष्णा', शिव का 'शिवा' और तनुज का 'तनुजा' आदि कर देने से केवल उच्चारण ही नहीं बदलता, बल्कि कई बार शब्द का अर्थ और लिंग भी परिवर्तित हो जाता है। यदि व्यक्तियों के नामों के साथ ऐसा परिवर्तन स्वीकार्य नहीं हो सकता, तो करोड़ों लोगों की सभ्यतागत पहचान वाले राष्ट्र के नाम के साथ यह असावधानी कैसे स्वीकार की जा सकती है?

'भारत' कोई सामान्य शब्द नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता का स्वनाम है। इसकी जड़ें हमारी प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा में हैं। ऋग्वैदिक साहित्य, महाभारत, विष्णु पुराण



तथा अनेक प्राचीन ग्रंथों में 'भारत' और भारतवर्ष' का उल्लेख मिलता है। भारतीय परंपरा के अनुसार इस राष्ट्र का नामकरण चक्रवर्ती सम्राट महाराज भरत के नाम पर हुआ। इसके विपरीत 'इंडिया' एक बाह्य नाम है, जिसकी उत्पत्ति सिंधु (इंडस) के विदेशी उच्चारण से हुई और जिसे औपनिवेशिक शासन ने आधिकारिक रूप से स्थापित किया। विश्व के अनेक देशों ने स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद अपने मूल नामों और सांस्कृतिक प्रतीकों को पुनः प्रतिष्ठित किया। पड़ोस के देश सीलोन ने श्रीलंका व बर्मा ने म्यांमार कहे जाने में गर्व की अनुभूति की। वस्तुतः प्रत्येक स्वाभिमानी राष्ट्र अपने स्वनाम को अपनी सांस्कृतिक पहचान का आधार मानता है। ऐसे में भारत द्वारा अपने वास्तविक नाम 'भारत' को प्रतिष्ठित करने का आग्रह न तो असामान्य है और न ही अभूतपूर्व; यह प्रत्येक स्वतंत्र राष्ट्र का स्वाभाविक अधिकार है। यह भी उल्लेखनीय है कि संविधान सभा में 'भारत' नाम को लेकर गंभीर और सार्थक चर्चा हुई थी।

अनेक सदस्यों ने आग्रह किया था कि संविधान में राष्ट्र का मूल नाम 'भारत' ही होना चाहिए। यद्यपि तत्कालीन ऐतिहासिक परिस्थितियों में अनुच्छेद 1 में 'इंडिया दैट इज भारत' का स्वरूप स्वीकार किया गया, तथापि संविधान सभा की बहस यह स्पष्ट करती है कि 'भारत' केवल एक भाषाई विकल्प नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अस्मिता का प्रश्न था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने अनेक अवसरों पर कहा है कि 'भारत' एक विशिष्ट संज्ञा है, उसका अनुवाद नहीं किया जा सकता। जैनाचार्य विद्यासागर महाराज भी निरंतर यह प्रश्न उठाते रहे कि जब मद्रास का चेन्नई, कलकत्ता का कोलकाता, बॉम्बे का मुंबई, गुरुगांव का गुरुग्राम हो सकता है, तो 'इंडिया' का 'भारत' क्यों नहीं? उनके अनुसार यह केवल नाम परिवर्तन का नहीं, बल्कि मानसिक दासता से मुक्ति का प्रश्न है।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान भी जनमानस की वाणी 'भारत' ही थी। 'भारत माता की जय', 'वन्दे मातरम्' और 'जय हिन्द' जैसे उद्घोष राष्ट्रीय चेतना के प्रतीक बने। प्रश्न है कि कोई यदि 'इंडिया माता की जय' कहे तो क्या उससे वही भाव प्रकट होगा जो 'भारत माता की जय' से होता है? इससे स्पष्ट है कि राष्ट्र की आत्मा सदैव 'भारत' नाम से ही स्वयं को अभिव्यक्त करती रही है। हाल के वर्षों में भी राष्ट्रीय जीवन में 'भारत' के प्रयोग की प्रवृत्ति निरंतर बढ़ी है। जी-20 शिखर सम्मेलन के निमंत्रण-पत्रों में 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' का प्रयोग हो अथवा अनेक सरकारी दस्तावेजों और संस्थानों द्वारा 'भारत सरकार' तथा 'भारत' शब्द को प्राथमिकता देना, ये सभी संकेत इस बात के द्योतक हैं कि देश की सांस्कृतिक चेतना अपने वास्तविक नाम की ओर स्वाभाविक रूप से लौट रही है। शिक्षा केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं होती; वह राष्ट्रीय चेतना का निर्माण भी करती है। जब किसी विद्यार्थी को मिलने वाली उपाधि, अंकपत्र या प्रमाण-पत्र पर 'भारत' अंकित होगा, तो वह केवल एक शब्द नहीं पढ़ेगा, बल्कि अपनी सभ्यता, संस्कृति और राष्ट्रीय पहचान का भी बोध करेगा। आवश्यकता इस बात की है कि विश्वविद्यालयों द्वारा आरंभ किए गए इस ऐतिहासिक अभियान का अनुसरण अन्य शैक्षणिक संस्थान, विश्वविद्यालय, राज्य सरकारें और केंद्र सरकार भी करें।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि भारत केवल हमारे देश का नाम नहीं है; वह हमारी सभ्यता की स्मृति, संस्कृति की चेतना, इतिहास की निरंतरता और राष्ट्रीय आत्मा का स्वर है। इसलिए 'इंडिया' से 'भारत' की यह यात्रा किसी शब्द-परिवर्तन का अभियान नहीं, बल्कि स्वत्व, स्वाभिमान, सांस्कृतिक आत्मविश्वास और सभ्यतागत पुनर्जागरण की पुनर्प्रतिष्ठा है।

(लेखक शिक्षाविद एवं स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह




# आज 'थैंक्यू , डॉक्टर साहब!' कहिए तो याद कीजिए...

आज नेशनल डॉक्टर्स डे है यानी राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस। मरीजों के प्राण व स्वास्थ्य की रक्षा के प्रयत्नों में डॉक्टरों द्वारा प्रदर्शित समर्पण के लिए उनका सम्मान करने, उनके प्रति कृतज्ञता जताने और उन्हें धन्यवाद देने का दिन, जो 'भारतरत्न' से सम्मानित अपने वक्त के देश के महान चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी और बारह से ज्यादा वर्ष तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे डॉ. बिधानचंद्र रॉय की स्मृति में मनाया जाता है। दरअसल, यह दिन डॉ. बिधानचंद्र रॉय की जयंती भी है और पुण्यतिथि भी। 1882 में एक जुलाई को पटना के बांकीपुर में एक बंगाली कायस्थ परिवार में उनका जन्म हुआ था तो 1962 में एक जुलाई को ही निधन भी हुआ-उनके 80वें जन्मदिन पर। बहरहाल, राजनेता के रूप में काम करते हुए भी उन्होंने चिकित्सक के रूप में अपने दायित्वों के प्रति समर्पण में कोई कमी नहीं आने दी, जिसके चलते दूरदर्शी संस्था-निर्माता के रूप में सामने आये और आधुनिक भारतीय स्वास्थ्य सेवा व चिकित्सा शिक्षा के जनक माने जाने लगे। उन्होंने कलकत्ता में चित्तरंजन सेवा सदन, चित्तरंजन कैंसर अस्पताल, विक्टोरिया इंस्टीट्यूशन और जादवपुर टी.बी. अस्पताल जैसे प्रमुख चिकित्सा संस्थानों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही देश में चिकित्सा शिक्षा और पेशेवर मानकों के नियमन के लिए 1939 में भारतीय चिकित्सा परिषद की स्थापना की और उसके पहले अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। 1928 में देश के डॉक्टरों को एक मंच पर लाने के लिए भारतीय चिकित्सा संघ (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) के गठन में भी उनका बहुत बड़ा योगदान था। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बने तो राज्य में स्वास्थ्य केंद्रों, प्रसूति केंद्रों, और कुष्ठ रोग क्लीनिकों का अभूतपूर्व विस्तार किया। मुख्यमंत्री के तौर पर अपनी अनेकानेक व्यस्तताओं के बावजूद, वे प्रतिदिन दो घंटे गरीब मरीजों को मुफ्त चिकित्सा सहायता और दवाइयां देते थे। इसलिए एक जुलाई को, जो उनकी जयंती भी है और पुण्यतिथि भी, नेशनल डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया और इस दिन उत्कृष्ट डॉक्टरों को सम्मानित किया जाने लगा। समय के साथ इस अवसर पर देश की पहली डिग्रीधारी महिला चिकित्सक आनंदीबाई गोपालराव जोशी और उनके संघर्षों को भी याद किया जाने लगा। 1885 में पुणे (महाराष्ट्र) की आनंदीबाई गोपालराव जोशी ने डॉक्टर बनने का संकल्प लिया तो उन्हें गुलामी के साथ पितृसत्ता की जाई नाना प्रकार की रूढ़ियों, संकीर्णताओं और परम्पराओं वगैरह का भारी भरकम बोझ भी उठाना पड़ा था। उन्होंने इंच-इंच संघर्ष कर सबको शिकस्त दी और देश की पहली डिग्रीधारी महिला डॉक्टर बनकर रहीं। अपने भीतर की मां को सदमे से उबारकर इस दृढ़ संकल्प तक पहुंचाया कि वे चिकित्सा विज्ञान पढ़कर डॉक्टर बनेंगी और अपने देखते किसी भी अन्य मां की गोद इस तरह सूनी नहीं होने देंगी। उन्होंने इस बाबत अपने पति गोपाल राव को बताया तो उन्होंने उसे पूरा करने में हर कदम पर उनका साथ देने का वचन दिया और उसे निभाया भी। उनका माता-पिता का दिया नाम यमुना था, जो विवाह के बाद एक परम्परा के तहत बदल दिया गया था और ससुराल वाले उन्हें आनंदीबाई कहकर पुकारने लगे थे। बाद में परम्परा के अनुसार अभिलेखों में उनके नाम के साथ पति का नाम जोड़ दिया गया तो उनका नाम आनंदीबाई गोपाल राव जोशी हो गया। अमेरिका में डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी करके वे स्वदेश लौटीं तो कोल्हापुर रियासत द्वारा संचालित अल्बर्ट एडवर्ड अस्पताल के महिला वार्ड में प्रभारी चिकित्सक नियुक्त हुईं। लेकिन नियति ने इस मोड़ पर भी उनका ट्रेजेडी से सामना कराना ही तय कर रखा था। पद भार संभालने के कुछ ही दिनों बाद वे तपेदिक (टीबी) की शिकार हो गईं, जो उन दिनों तक सर्वथा लाइलाज बीमारी मानी जाती थी। अंततः 26 फरवरी, 1887 को महज 22 साल की उम्र में इस असाध्य बीमारी ने उनकी जान ले ली और जिस तरह उनकी गोद सूनी हुई थी, उस तरह किसी और मां की गोद सूनी न होने देने का उनका सपना सपना ही रह गया। उनके वक्त में मुम्बई की उनकी जैसी ही बाल-विवाह पीड़िता रखमाबाई राउत (22 नवम्बर, 1864 - 25 सितम्बर,1955) ने नाना विघ्न बाधाओं के बीच लंदन स्कूल ऑफ मेडिसिन फॉर वीमेन से स्नातक की पढ़ाई पूरी कर एमडी करनी चाही तो पाया कि वह संस्थान महिलाओं को एमडी ही नहीं करवाता। इसके चलते उन्हें ब्रसेल्स जाकर एमडी करनी पड़ी, जिसके बाद वे भारत की पहली महिला एमडी और पहली प्रैक्टिस करने वाली डॉक्टर बनीं। मुंबई के भीकाजी कामा अस्पताल में शुरुआती सेवाएं देने के बाद वे सूरत चली गईं और साढ़े तीन दशकों तक खुद को महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निदान के प्रयत्नों में झोंके रखा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
**दर्शन**

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

# धन कमाने के साथ भक्ति भी करें



संकलित
**प्रेरणा**

एक दिन कबीरदास अपना काम कर रहे थे। काम करते समय वे भगवान का ध्यान भी कर लेते थे। पूरे दिन कबीरदास ऐसा ही करते थे। एक व्यक्ति उन्हें कई दिनों से देख रहा था। उसने कबीरदास से पूछा कि आप भक्त हैं, लेकिन आपको अलग से भक्ति करते हुए मैंने नहीं देखा। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति की बात सुनी और कहा कि इस प्रश्न का उत्तर मैं दूंगा, लेकिन अभी तुम मेरे साथ चलो। हम थोड़ा घूम आते हैं। रास्ते में उन्हें एक महिला दिखाई दी। वह महिला पानी भरकर लौट रही थी। उसके सिर पर पानी से भरा मटका रखा था और वह अपनी मस्ती में गीत गाते हुए जा रही थी। उस महिला ने मटके को पकड़ा भी नहीं था। उसके सिर पर मटका स्थिर था और उसका पानी भी नहीं छलक रहा था। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति से कहा कि ये महिला पानी लेकर जा रही है। सिर पर मटका रखा है, लेकिन उसने मटके पकड़ा भी नहीं है और गीत गाते हुए जा रही है। इसका ध्यान अपने मटके पर है, गाने पर भी है और रास्ते पर भी है। कबीर जी ने उस व्यक्ति को आगे समझाया कि इस महिला की तरह ही मैं भी काम करते-करते भगवान का ध्यान कर लेता हूं, भक्ति कर लेता हूं। दुनियादारी के काम करते हुए भी मेरा मन भगवान की भक्ति में ही लगा रहता है। मैं ये काम भी कर लेता हूं और भक्ति भी कर लेता हूं। ठीक इसी तरह जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है। हमें धन भी कमाना चाहिए और भक्ति भी करते रहना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**कैसे साबित करें कि हम भारतीय हैं**

आज के दिन भारतीयों के पास कोई ऐसा प्रमाण या प्रमाणपत्र नहीं है जिससे वो अपना भारतीय होना साबित करें। क्या यह अफसोस और शर्म की बात नहीं है। मैं 81 वर्ष पहले यहां पैदा हुआ, दो-तीन पीढ़ियां गुजर गईं और आज हमें कहा जा रहा है कि साबित करो तुम भारतीय हो। नागरिकता प्रमाणपत्र सबको नहीं मिलता, शायद उनको दिया जाता है जो यहां के पैदाइशी नहीं हैं या जो नागरिकता के लिए आवेदन करते हैं। अगर पासपोर्ट, आधार कार्ड, राशन कार्ड और पैन कार्ड आदि नागरिकता प्रमाणपत्र नहीं हैं, तो नागरिकता कैसे साबित करें। हाल में अदालत ने अपने फैसले में पासपोर्ट को नागरिकता का प्रमाणपत्र नहीं माना। इसके बाद से नागरिकता प्रमाणपत्र को लेकर बहस छिड़ गई है।

*- विनोद पाराशर, रोहतक*

## करंट अफेयर

# एआई से बने चेहरों को पहचानना अब पहले जितना आसान नहीं

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से तैयार किए गए 'डीपफेक' चेहरे अब इतने वास्तविक दिखने लगे हैं कि वे अक्सर लोगों को धोखा दे देते हैं। कुछ शोध के अनुसार, 2027 तक डीपफेक से जुड़ी धोखाधड़ी का वार्षिक मूल्य 40 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। ज्यादातर लोगों के लिए एआई से बने चेहरों को पहचानना मुश्किल होता है। 2023 में हमें पता चला था कि कुछ एआई-निर्मित चेहरे इतने 'हाइपर-रियल' होते हैं कि वे वास्तविक इंसानी चेहरों से भी अधिक असली प्रतीत होते हैं। हमने यह भी पाया कि लोग अक्सर यह मानने में जरूरत से ज्यादा आत्मविश्वास दिखाते हैं कि वे एआई चेहरों की पहचान कर सकते हैं, जबकि सबसे अधिक आत्मविश्वासी लोग ही सबसे ज्यादा गलतियां करते हैं। डीपफेक का पता लगाने वाले सॉफ्टवेयर मौजूद तो हैं लेकिन वे यह नहीं बता पाते कि उन्होंने कैसे पता लगाया और उनमें कुछ बड़ी कमियां भी हैं। कुछ को तो बस तस्वीर का प्रारूप बदलकर जैसे पीएनजी से जेपीजी में बदलकर आसानी से धोखा दिया जा सकता है। हालांकि, यह भी सामने आया है कि अधिकतर लोग लगभग एक घंटे के अभ्यास से एआई-निर्मित चेहरों की पहचान करना सीख सकते हैं।



## ऑफ बीट

# तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है विटामिन बी6

ऑस्ट्रेलिया के औषधि नियामक ने दावा किया है कि विटामिन बी6 की अत्यधिक मात्रा तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने सहित ऐसे कई घातक दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है जो हमारी सोच से कहीं अधिक होंगे। ऑस्ट्रेलिया की दवा नियामक संस्था 'थेरेप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन' (टीजीए) ने यह दावा किया है। इस सप्ताह के शुरु में एबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि टीजीए के एक प्रवक्ता के मुताबिक, विटामिन बी6 के दुष्प्रभावों की गंभीरता का अब तक शायद कमतर ही आकलन किया गया था। बहरहाल, सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, विटामिन बी6 की उच्च मात्रा वाले सप्लीमेंट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। देशभर में लोगों के रक्त के नमूनों में विटामिन बी6 की जांच करने वाले एक पैथोलॉजिस्ट ने बताया कि मई में की गई जांच में लगभग 4 .5 प्रतिशत नमूनों में ऐसे संकेत मिले जो तंत्रिकाओं को नुकसान की संभावना की ओर इशारा करते हैं। विटामिन बी6 को पायरीडॉक्सीन भी कहा जाता है। यह शरीर में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा के चयापचय में अहम भूमिका निभाता है। यह मस्तिष्क में न्यूरोट्रांस्मीटर के उत्पादन, प्रतिरक्षा प्रणाली के समर्थन और हीमोग्लोबिन उत्पादन में भी सहायक होता है।




## ट्रेंड

### आत्मनिर्भर भारत



उद्योगों के लिए पारदर्शी नीतियों, 'ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस' और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के ज़रिए हमारी सरकार मज़बूत औद्योगिक इकोसिस्टम बना रही है। 'आत्मनिर्भर भारत' का मतलब है ऐसा भारत जो आत्मविश्वास के साथ अपने पैरों पर खड़ा हो।
**- राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर



1.5 अरब लोगों की आबादी के लिए, हमने 1.86 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए हैं, जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के लिए मज़बूत आधार तैयार हुआ है। यहां हमने स्क्रीनिंग और बीमारी का जल्द पता लगाने वाली सेवाएँ शुरू की हैं।
**- जेपी नड्डा**, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### शिक्षा-परीक्षा प्रणाली



शिक्षा अच्छी होगी, परीक्षाएं निष्पक्ष होंगी, तो तरक्की पक्की होगी। शिक्षा के कारण हिंदुस्तानी पहचान और इंसानियत खतरे में है। हम सकारात्मक शिक्षा लाएंगे और 'भाई-राष्ट्र' बनाएंगे। 'शिक्षा-परीक्षा प्रणाली' में बदलाव देश का भविष्य संवारेगा।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### युवा खिलाड़ी



आयरलैंड ने हमें बुरी तरह हरा दिया। आईपीएल में 237 के स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाने वाले खिलाड़ी को बेंच पर बिठाना बेवकूफी है। कल अभिषेक शर्मा और वैभव से ओपनिंग करवाओ! इन युवा खिलाड़ियों को अपना जलवा दिखाने दो।
**- सुनील गावस्कर**, पूर्व भारतीय क्रिकेटर

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# नॉर्वे ने रोमांचक मुकाबले में आइवरी कोस्ट को 2-1 से हरा अंतिम 16 में बनाई जगह

सेंट्रल डेस्क ▶▶| रोहतक

नॉर्वे ने राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में आइवरी कोस्ट को 2-1 से हराकर फीफा विश्व कप के अगले दौर में जगह बना ली है। नॉर्वे के लिए एंटोनियो नूसा ने 39वें और एर्लिंग हालंद ने 86वें मिनट में गोल किया और टीम को जीत दिलाई। आइवरी कोस्ट के लिए अमाद दियालो ने 74वें मिनट में गोल कर बराबरी दिलाई थी, लेकिन हालंद के गोल ने अंतर पैदा किया और ये गोल अंत में निर्णायक साबित हुआ। इंजरी समय तक आइवरी कोस्ट ने गोल करने की कोशिश की, लेकिन नॉर्वे के गोलकीपर ने बराबरी नहीं दिलाने दी। इस तरह नॉर्वे राउंड ऑफ 16 में पहुंचने में सफल रहा। आइवरी कोस्ट और नॉर्वे के बीच राउंड ऑफ 32 मुकाबले की शुरुआत में दोनों टीमें गोल करने के लिए तमाम कोशिश कर रही थी। नॉर्वे के एर्लिंग हालंद ने तीसरे मिनट में ही गोल करने की कोशिश की, लेकिन गेंद गोल पोस्ट से दूर रही। इसके बाद आठवें मिनट में आइवरी कोस्ट के यान डियोमांडे ने भी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। हालांकि, नॉर्वे और आइवरी कोस्ट की ओर से गोल करने की कोशिश जारी रही।

▶▶| नॉर्वे के एंटोनियो नूसा ने 39वें मिनट में गोल दाग बढ़त दिलाई
▶▶| आइवरी कोस्ट के दियालो ने 74वें मिनट में गोल कर बराबरी दिलाई
▶▶| एर्लिंग हालंद ने 86वें मिनट में गोल कर जीत दिला दी






# सबसे बड़ा उलटफेर, पराग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में जर्मनी को किया बाहर

एजेंसी ▶▶| फॉक्सबोरो



जोस कैनाले ने पहले ही सडन डेथ पेनल्टी किक पर गोल किया और ऑरलैंडो गिल ने शूटआउट में दो महत्वपूर्ण बचाव किए, जिससे पराग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में जर्मनी को 4-3 से हराकर मौजूदा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर कर दिया। राउंड ऑफ़ 32 का यह मैच अतिरिक्त समय के बाद 1-1 से बराबर रहा था। पराग्वे ने 42वें मिनट में जूलियो एनसिसो के हेडर से किए गए गोल से बढ़त हासिल की, लेकिन चार बार के चैंपियन जर्मनी के लिए काई हावर्ट्ज़ ने 52वें मिनट में बराबरी का गोल दाग दिया। गिल ने बाद में अपनी जीत की राज का खुलासा करते हुए कहा, 'हमने प्रत्येक खिलाड़ी और प्रत्येक छोटी सी छोटी चीज का भी विश्लेषण किया था और यही वजह थी कि मैं सिर्फ दो पेनल्टी चूक पाया। यह जीत पराग्वे के लोगों को समर्पित है।'

# शूटआउट में मोरक्को का जलवा

## नीदरलैंड को हराकर अंतिम 16 में एंट्री

### डियोप बने संकटमोचक सैबारी ने दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶| ग्वाडालूप



इस्सा डियोप ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में बराबरी का गोल किया जबकि इस्माइल सैबारी ने पेनल्टी शूटआउट में निर्णायक गोल दागा, जिससे मोरक्को ने नीदरलैंड को 3-2 से हराकर अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की। इससे पहले निर्धारित और अतिरिक्त समय तक दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर थी। पेनल्टी शूटआउट में भी चार राउंड के बाद स्कोर 2-2 से बराबर था। मोरक्को के गोलकीपर यासीन बोनू ने क्रिसेंसियो समरविले के शॉट को अपने बाएं हाथ से रोक दिया। इसके बाद सैबारी ने गोलकीपर बार्ट वर्ब्रुगेन के दूसरी ओर गोता लगाने पर निचले बाएं कोने में विजयी गोल दाग दिया। इस मिडफील्डर ने अपनी शर्ट उतार दी और खुशी से चिल्लाने लगा। इसके बाद उनके साथी खिलाड़ियों ने उन्हें घेर दिया और वह जीत का जश्न मनाने लगे। पेनल्टी शूटआउट के दूसरे राउंड में जब मोरक्को 1-0 से पीछे चल रहा था, तब वर्ब्रुगेन ने सोफियान रहीमी के शॉट को रोकने का प्रयास किया, लेकिन गोलकीपर गेंद को पकड़ नहीं पाए और अपने पैर के पिछले हिस्से से उसे गोल लाइन के पार धकेल दिया। मोरक्को शनिवार को ह्यूस्टन में राउंड ऑफ 16 में कनाडा का सामना करेगा।

## इंग्लैंड के खिलाफ मजबूत शुरुआत पर भारत की नजर

**चेस्टर ली स्ट्रीट।** वैभव सूर्यवंशी का बहुप्रतीक्षित पदार्पण और मुश्किल विकेटों पर बल्लेबाजी की कमजोरियां इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही 5 मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारत के लिए चर्चा का मुख्य विषय रहेंगे। आयरलैंड के खिलाफ संजू सैमसन की दोहरी विफलता उन्हें बाहर बैठाने और सूर्यवंशी को अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने का मौका देने का कारण हो सकती है। अभिषेक को बेलफास्ट में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में 20 गेंद में 49 रन की पारी के कारण फिर मौका मिल सकता है। इशान किशन भी आयरलैंड के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला में कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए और 1 तथा 12 रन पर आउट हो गए।

## टी-20 में श्रीचरणी वर्ल्ड नंबर-1 बॉलर

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से जारी ताजा रैंकिंग में भारतीय स्पिनर श्रीचरणी वर्ल्ड नंबर 1 टी20 अंरराष्ट्रीय गेंदबाज बनी हुई हैं। हालांकि, इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन और लॉरेन बेल ने विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन के बाद टॉप पर पहुंचने की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। श्रीचरणी ने विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में 14 विकेट हासिल किए। भारतीय टीम का इस टूर्नामेंट से अभियान समाप्त हो गया है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका की खिलाड़ी नॉकआउट स्टेज में खेल रही हैं। ऐसे में श्री चरणी की बढ़त पर खतरा बना हुआ है।

## जोकोविच ने की अभियान की रोमांचक शुरुआत, यिबिंग वू को दी शिकस्त



**लंदन।** सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने अपने 21वें विंबलडन अभियान की रोमांचक शुरुआत करते हुए चीन के यिबिंग वू को 6-4, 5-7, 6-4, 6-4 से हराकर जीत दर्ज की। सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अच्छी सर्विस की और खराब प्रदर्शन भी नहीं किया, लेकिन वह वू को सेंटर कोर्ट के माहौल का आनंद लेने से रोक नहीं सके। पहले सेट में दुनिया के 102वें रैंक वाले चीनी खिलाड़ी ने 15 विनर्स लगाए, हालांकि उतनी ही संख्या में अनफोर्स्ड गलतियां भी कीं। दूसरे सेट की शुरुआत में ही निर्णायक मोड़ आ गया। अगर जोकोविच अपने शुरुआती ब्रेक अवसरों में से एक को भुना लेते, तो वह आसानी से नियंत्रित और अपेक्षाकृत सरल जीत की ओर बढ़ सकते थे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, और वू का आत्मविश्वास लगातार बढ़ता गया, जबकि दर्शक जोर-शोर से उनका नाम पुकारते रहे।

## एशियन गेम्स : टीम इंडिया का ऐलान, हरमनप्रीत कप्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंग्लैंड में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद हरमनप्रीत कौर को जापान में होने वाले इस साल के एशियाई खेलों के लिए भारतीय महिला टीम के कप्तान के रूप में बरकरार रखा। महिला चयन समिति ने जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए 15 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा की है। भारतीय महिला टीम एशियाई खेलों में मौजूदा चैंपियन के रूप में प्रवेश करेगी। उसने 2023 में चीन के हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। एशियाई खेलों में पुरुषों और महिलाओं दोनों की क्रिकेट प्रतियोगिता टी20 प्रारूप में खेली जाती है।

### टीम इंडिया 2028 में ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई

भारतीय टीम ने ग्रुप चरण से बाहर होने के बावजूद इस प्रतियोगिता में एशियाई टीमों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के कारण 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

**एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी. कमलिनी (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, श्रीचरणी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव, नंदनी शर्मा।



### ग्रीस में शुरू हुई भारत की यूपीआई सेवा

# बड़ी पहल:दुनिया के 10 देशों में बेधड़क डिजिटल भुगतान कर सकेंगे भारतीय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) अब ग्रीस में भी शुरू हो गया है, जिससे योग्य ग्राहक अब तुरंत, सुरक्षित और आसान तरीके से पैसे ट्रांसफर कर सकेंगे। इसके साथ ही, लेनदेन की लागत भी पारंपरिक तरीकों की तुलना में काफी कम हो जाएगी।

**पीयूष गोयल की मौजूदगी में लाइव डेमो हुआ**

पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि दुनिया भर में यूपीआई को मिल रही स्वीकृति और सराहना इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तकनीक-आधारित समाधानों की सोच पर दुनिया भरोसा कर रही है। उन्होंने कहा कि ये समाधान सीमाओं से परे जाकर मूल्य सृजित कर रहे हैं और साझा विकास व समृद्धि के लिए वैश्विक साझेदारी को मजबूत बना रहे हैं। ग्रीस दौरे के दौरान पीयूष गोयल ने यूरोबैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) फोकियन करावियास से मुलाकात की और भारत-ग्रीस आर्थिक साझेदारी को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। गोयल ने कहा, हमने ग्रीक कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया और ग्रीस में विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) तथा बुनियादी ढांचा (इंफ्रास्ट्रक्चर) विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। इस तरह भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) अब ग्रीस में भी लाइव हो गया है। ग्रीस इस डिजिटल पेमेंट नेटवर्क से जुड़ने वाला नया देश बन गया है।



#### ग्रीस से पहले कंबोडिया में शुरू हुआ था यूपीआई

ग्रीस से ठीक पहले कंबोडिया इस लिस्ट में शामिल होने वाला 9वां देश बना था। इसके लिए एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड ने वहां के बैंक के साथ पार्टनरशिप की थी। इससे पहले सिंगापुर, यूएई, फ्रांस, मॉरीशस, नेपाल, भूटान, कतर और श्रीलंका को उन आठ देशों के रूप में लिस्ट किया था, जहां यूपीआई को स्वीकार किया जा रहा है। यूरोप में यूपीआई के विस्तार में फ्रांस एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। साल 2024 में पेरिस के एफिल टॉवर से यूपीआई को लॉन्च किया गया था। इसके बाद इस सर्विस का विस्तार वहां के बड़े रिटेल डेस्टिनेशंस जैसे नीस में स्थित गैलरीज लाफायेट तक किया गया।

### पीएम 6 से 11 जुलाई के बीच इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के दौरे पर रहेंगे

# कूटनीतिक गलियारों में 'सुपर जुलाई': जापान पीएम की मेजबानी के बाद तीन देशों के ऐतिहासिक दौरे पर निकलेंगे प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जुलाई 2026 का महीना भारत की विदेश नीति और कूटनीति के लिहाज से बेहद व्यस्त और ऐतिहासिक होने जा रहा है। एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में वैश्विक नेताओं की मेजबानी करेंगे, वहीं दूसरी तरफ वे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण देशों के तूफानी दौरे पर भी रवाना होंगे। इस व्यस्त शेड्यूल के केंद्र में भारत-जापान द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन और न्यूजीलैंड की 38 साल बाद होने वाली किसी भारतीय पीएम की ऐतिहासिक यात्रा शामिल है। जुलाई की शुरुआत ही बेहद हाई-प्रोफाइल कूटनीतिक गतिविधि से होगी। कुल मिलाकर, जुलाई 2026 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शेड्यूल पूरी तरह पैक्ड रहने वाला है। वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती साख को देखते हुए, जापान के साथ रिश्तों को धार देने से लेकर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच कूटनीतिक



संतुलन साधने तक, यह हफ्ता भारत के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची 1 से 3 जुलाई तक भारत की राजकीय यात्रा पर आ रही हैं। दोनों नेता नई दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे, जिसमें रक्षा, आर्थिक सुरक्षा, क्रिटिकल टेक्नोलॉजी और मजबूत ग्लोबल सप्लाई चेन जैसे 8 प्रमुख स्तंभों पर समीक्षा की जाएगी। प्रधानमंत्री बनने के बाद ताकाइची का यह पहला भारत दौरा है।

, जो दोनों देशों के बीच 'स्पेशल स्ट्रेटेजिक और ग्लोबल पार्टनरशिप' को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

#### *इंडो-पैसिफिक मिशन: 3 देशों का तूफानी दौरा*

*जापान की प्रधानमंत्री की विदाई के तुरंत बाद, पीएम मोदी 6 से 11 जुलाई के बीच इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के तीन अहम देशों- इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के दौरे पर निकल सकते हैं। रणनीतिक और व्यापारिक लिहाज से इस दौरे का शेड्यूल काफी टाइट रहने वाला है:*

#### *इंडोनेशिया (जकार्ता)*

*यहां पीएम मोदी इंडोनेशिया के नए राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। एजेंडे में समुद्री सुरक्षा, कनेक्टिविटी, व्यापार और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करना शामिल है।*

#### *न्यूजीलैंड (ऑकलैंड)*

*38 साल बाद भारतीय पीएम की ये ऐतिहासिक यात्रा है। इस दौरे का सबसे बड़ा आकर्षण न्यूजीलैंड की यात्रा है। साल 1986 में पूर्व पीएम राजीव गांधी के दौरे के बाद यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली न्यूजीलैंड यात्रा होगी। यहाँ भारतीय समुदाय द्वारा एक भव्य किया ओर मोदी कार्यक्रम की भी तैयारी की जा रही है, साथ ही हाल ही में हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) की समीक्षा की जाएगी।*

#### ऑस्ट्रेलिया (मेलबर्न)

दौरे के आखिरी पड़ाव में पीएम मोदी ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ रक्षा सहयोग, क्वाड पहल और क्रिटिकल मिनरल्स (महत्वपूर्ण खनिजों) पर चर्चा करेंगे। मेलबर्न में मेलबर्न मीट्स मोदी नाम से एक विशाल प्रवासी भारतीय सम्मेलन भी आयोजित होने की उम्मीद है।

#### दिसंबर में अमेरिकी दौरे की भी सुगबुगाहट

कूटनीतिक व्यस्तताओं का यह सिलसिला साल के अंत तक जारी रहेगा। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी 14-15 दिसंबर को मियामी (फ्लोरिडा) में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने अमेरिका भी जा सकते हैं, जहां भारत-यूएस ट्रेड डील को अंतिम रूप दिया जा सकता है।

## पीतल का कछुआ, कांजीवरम सिल्क और बीदर कला... पीएम मोदी ने सेशेल्स में दिए तोहफे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीन दिवसीय सेशेल्स दौरे के दौरान न केवल रणनीतिक और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत किया, बल्कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक हस्तशिल्प को भी वैश्विक मंच पर प्रमुखता से प्रस्तुत किया।

**ऑर्किड पेंटिंग और टोडा कढ़ाई शॉल**

उन्होंने सेशेल्स के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रथम महिला और संसद अध्यक्ष को भारत के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक शिल्पकला से जुड़े विशेष उपहार भेंट किए। पीएम मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद का प्रसिद्ध पीतल का कछुआ भेंट किया। भारतीय संस्कृति में कछुआ स्थिरता और दीर्घायु का प्रतीक है। चूंकि सेशेल्स दुनिया भर में अपने विशाल एल्डाब्रा जाइंट टॉरटॉइज के लिए जाना जाता है, इसलिए यह उपहार दोनों देशों की प्राकृतिक विरासत को जोड़ने वाला एक अनूठा प्रतीक बन गया। राष्ट्रपति की पत्नी और प्रथम महिला वेरोनिक हर्मिनी को मध्य प्रदेश की भव्य महेश्वरी सिल्क स्टोल और कर्नाटक की प्रसिद्ध बिदरी कला (जिंक-तांबे पर चांदी की महीन जड़ाई) से तैयार बॉक्स भेंट किया गया।

बात के बाद भी संवेदनशील हैं हालात

## जनरल द्विवेदी ने कहा- हर साल 1100 बार चीन से होता है सामना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



निवर्तमान सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत और चीन के बीच सुरक्षा स्थिति और सेना की भविष्य की रणनीतियों को लेकर कई महत्वपूर्ण खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि सीमा पर किसी भी गलतफहमी से बचने और शांति बनाए रखने के लिए भारत और चीन की सेनाओं के बीच हर साल जमीनी स्तर पर 1100 से अधिक बार बातचीत होती है।

**ऑपरेशन सिंदूर और नई सैन्य रणनीति का जिक्र किया**

जनरल द्विवेदी ने कहा कि साल 2024-25 के दौरान दोनों देशों के बीच सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर कई सकारात्मक बदलाव देखे गए हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली और सीमा व्यापार को फिर से शुरू करने पर बनी सहमति इसके प्रमुख उदाहरण हैं। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि एलएसी पर स्थिति भले ही स्थिर है, लेकिन यह अभी भी बेहद संवेदनशील बनी हुई है, जिसके लिए भारतीय सेना लगातार सतर्क और तैयार है। किसी भी स्थानीय विवाद को सुलझाने के लिए हॉटलाइन, फ्लैग मीटिंग और कमांडर स्तर की वार्ताओं का सहारा लिया जाता है।

## फ्रांस में चार गुना बढ़े कार्डियक अरेस्ट के मामले, हर रोज 30 लोग पहुंच रहे अस्पताल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



यूरोप इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। चिलचिलाती गर्मी का असर अब केवल लोगों के स्वास्थ्य पर नहीं पड़ रहा, बल्कि अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे भी इसकी चपेट में आ गये हैं। पश्चिमी यूरोप का रेल नेटवर्क पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। सड़के पिघल रही हैं। फ्रांस में कई परमाणु रिएक्टर बंद कर दिए गए हैं या फिर उनकी क्षमता काफी हद तक घटा दी गई, ऐसा इसलिए क्योंकि ये रिएक्टर नदियों में गर्म पानी छोड़ रहे थे। फ्रांस के स्वास्थ्य मंत्री स्टीफेनी रिस्ट के अनुसार भीषण गर्मी के चलते कार्डियक अरेस्ट के मामलों में चार गुना की बढ़ोतरी हुई है। पहले 5 से 10 मामले आते थे अब 20 से 30 आ रहे हैं। 2023 की एक स्टडी बताती है कि गर्मी से मौत का खतरा फ्रांस, स्पेन और इटली में ज्यादा है। फ्रांस ने 52 उपायों के साथ पिछले साल 388 पेज की योजना जारी की है। लंदन में इस सप्ताह गर्मी से बचाने का प्लान पेश किया गया है। ब्रिटेन, फ्रांस और स्पेन में तापमान के कई रिकॉर्ड टूटे हैं। दुनिया के सबसे तेजी से गर्म हो रहे महाद्वीप की अधिकांश इमारतें और बुनियादी ढांचा ठंडे मौसम को ध्यान में रखकर बनाई गई थी।

**यूरोप में भीषण गर्मी: पिघली सड़कें-बिजली घर और स्कूल हुए बंद**




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28